ताजा खबरों के लिए पढ़ें-
https://ureshiyanews.page/
www.ureshiya.com

मेरठ से प्रकाशित व गाजियाबाद, बागपत, बुलन्दशहर, सहारनपुर, शामली, बिजनौर, अमरोहा, गजरौला में एक साथ प्रसारित

हमें सम्पर्क करें-
editorureshiya@gmail.com

वर्षः 3 अंक : 229
मेरठ, बुद्धवार, 19 जून 2024
(पृष्ठः 6)
मूल्यः 2 रूपया

दैनिक युरेशिया

सम्पादक : संजय त्यागी 'महादेव'
प्रधान सम्पादक : गौहर अनवार

10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024-स्वयं व समाज के लिए ... 4

राष्ट्रहित सर्वोपरि

श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति ब्रज संकल्प यात्रा का यमुना पूजन के साथ. 6

एक नजर..

सिक्किम 200 से अधिक पर्यटक सुरक्षित निकाले

गंगटोक । सिक्किम के भूस्खलन प्रभावित मंगन जिले के लाचुंग में 200 से अधिक पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों तक पहुंचाया गया और करीब एक हजार पर्यटक अब भी फंसे हुए हैं। पुलिस अधीक्षक सोनम देचू भूटिया ने बताया कि उत्तरी सिक्किम के लाचुंग में फंसे करीब 150 पर्यटकों को मंगलवार को और 64 पर्यटकों को सोमवार को मंगन कस्बे में सुरक्षित निकाला गया। बचाव कार्य के लिए जिला प्रशासन सीमा सड़क संगठन (बीआरओ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) और अन्य स्वयंसेवकों की मदद ले रहा है। जिला प्रशासन ने पैदल चलने वाले लोगों के लिए तथा वाहनों के सुगम आवागमन के लिए लकड़ी के अस्थायी पुल बनाए हैं। अधिकारियों ने बताया कि 12 जून से लगातार हो रही बारिश ने मंगन में कहर बरपाया।

दलाई लामा से मिलने धर्मशाला पहुंचा अमेरिकी शिष्टमंडल

धर्मशाला, (एजेंसी) अमेरिकी संसद की विदेश मामलों की समिति के अध्यक्ष माइकल मैककॉल के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल तिब्बती आध्यात्मिक गुरु दलाई लामा से मुलाकात करने के लिए मंगलवार को हिमाचल प्रदेश के धर्मशाला पहुंचा। मैककॉल के अलावा शिष्टमंडल में अमेरिकी संसद के छह और प्रमुख सदस्य शामिल हैं जिनमें दृ नैन्सी पेलोसी, मैरिएनेट मिलर, ग्रेगरी मीक्स, निकोल मैलियोटैकिस, जिम मैकगवर्न और एमी बेरा शामिल हैं। अधिकारियों ने बताया कि शिष्टमंडल यहां दो दिवसीय दौरे पर है और बुधवार सुबह दलाई लामा से मुलाकात करेगा।

मैककॉल ने यहां गग्गल हवाई अड्डा पर पहुंचने के बाद इस दौरे को लेकर उत्साह व्यक्त करते हुए कहा, 'हम दलाई लामा से मिलने और कई चीजों पर बात करने को लेकर उत्साहित हैं, जिनमें अमेरिकी संसद द्वारा पारित विधेयक भी शामिल है, जिसमें मूल रूप से कहा गया है कि अमेरिका, तिब्बत के लोगों के साथ खड़ा है।' यह पूछे जाने पर कि क्या अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडेन इस विधेयक पर हस्ताक्षर करेंगे मैककॉल ने कहा, 'हां, वह करेंगे।' सूचना एवं अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग की निर्वासित तिब्बती मंत्री डोलमा शेरिंग सहित केंद्रीय तिब्बती प्रशासन (सीटीए) के उच्चस्तरीय अधिकारियों ने हवाई अड्डा पर शिष्टमंडल का स्वागत किया।

मैं बहरेपन की शिकार हो गयी हूं : अलका याग्निक

मुंबई, (एजेंसी) पार्श्व गायिका अलका याग्निक ने खुलासा किया है कि उन्हें एक दुर्लभ श्रवण विकार का पता चला है। अलका ने इंस्टाग्राम पर लिखा कि उन्हें वायरल अटैक के कारण बहरेपन का पता चला है। उन्होंने लिखा, 'कुछ सप्ताह पहले, मैं जैसे ही विमान से बाहर निकली, मैंने महसूस किया, मैं कुछ भी नहीं सुन पा रही। इस घटना के कुछ हफ्ते बाद थोड़ा साहस जुटाकर, मैं अब अपने सभी मित्रों और शुभचिंतकों के लिए अपनी चुप्पी तोड़ना चाहती हूं, जो मुझसे पूछ रहे थे कि मैं कार्यक्रमों में शामिल क्यों नहीं हो रही हूं।' उन्होंने कहा, 'मेरे चिकित्सकों ने मुझे बताया कि मैं सेंसरी न्यूरल नर्व हियरिंग लॉस (बहरेपन) का शिकार हो गयी हूं 3 मुझे अचानक से यह झटका लगा।'

अब तो मां गंगा ने मुझे गोद ले लिया है, यहीं का हो गया हूं

तीसरी बार पीएम बनने के बाद वाराणसी पहुंचे मोदी, बोले

वाराणसी, (एजेंसी) प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें तीसरी बार लोकसभा भेजने के लिए वाराणसी के लोगों का अभार जताते हुए मंगलवार को कहा, 'अब तो मां गंगा ने भी मुझे जैसे गोद ले लिया है, मैं यहीं का हो गया हूं।' उन्होंने यह बात यहां मिर्जामुराद के मेहंदीगंज में आयोजित किसान सम्मान सम्मेलन में कही। इसी दौरान प्रधानमंत्री ने बटन दबाकर देश भर के 9.26 करोड़ किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 17वीं किस्त के तहत 20 हजार करोड़ से ज्यादा की राशि हस्तांतरित की। मोदी ने किसान सम्मेलन में अपने भाषण की शुरुआत भोजपुरी से करते हुए कहा, 'चुनाव जीतले के बाद आज हम पहली बार बनारस आयल हईं। काशी के जनता जनार्दन के हमार प्रणाम।' मोदी ने कहा कि 'बाबा विश्वनाथ और मां गंगा के आशीर्वाद से काशीवासियों के असीम स्नेह से मुझे तीसरी बार देश का प्रधान सेवक बनने का सौभाग्य मिला है।'

मोदी ने कहा कि इस चुनाव ने देश के लोकतंत्र की विशालता, सामर्थ्य एवं व्यापकता तथा भारत में लोकतंत्र के जड़ों की गहराई को दुनिया के सामने पूरे सामर्थ्य के साथ प्रस्तुत किया। किसान सम्मान सम्मेलन में मंगलवार को जब प्रधानमंत्री पहुंचे तब उत्तर प्रदेश की राज्यपाल आनंदीबेन पटेल, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान, राज्य के उप मुख्यमंत्री द्वय केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक, राज्य के कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही और भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी समेत कई प्रमुख नेताओं ने उनका स्वागत किया। मोदी को योगी ने कंधे पर हल लिए किसान का एक स्मृति चिन्ह प्रदान किया। तीन किसान3 रमेश साहनी, उदयभानु सिंह और लालबहादुर राम ने प्रधानमंत्री का किसानों की तरफसे स्वागत किया।

दशाश्वमेध घाट पर आरती में हुए शामिल प्रधानमंत्री दशाश्वमेध घाट पर गंगा आरती में शामिल हुए। अर्चकों के वैदिक मंत्रों के बीच प्रधानमंत्री मोदी ने गंगा पूजन और आरती की। घाट पर मौजूद सभी लोगों को संकल्प दिलाया गया, 'मैं मां गंगा को, भारत वर्ष को निर्मल एवं स्वच्छ रखूंगा।' जल संरक्षण के लिए भी सभी को संकल्प दिलाया गया। प्रधानमंत्री महाआरती को निहारते रहे। मधुर भजनों के बीच मोदी लगातार ताली बजाते नजर आए। घाट पर उपस्थित लोगों ने हर हर महादेव के नारों से प्रधानमंत्री का अभिवादन किया। मोदी ने हाथ हिला कर अभिवादन स्वीकार किया। प्रधानमंत्री ने काशी विश्वनाथ मंदिर में भी दर्शन-पूजन किया। मंदिर के अर्चकों ने मंत्रोच्चार के साथ विधि विधान से पूजन कराया। पूजन के दौरान प्रधानमंत्री ने दही, केसर युक्त दूध, घी, और जल से 'बाबा विश्वनाथ' का अभिषेक किया। प्रधानमंत्री ने इस दौरान कॉरिडोर में उपस्थित लोगों का हाथ जोड़कर अभिवादन किया।

कोई प्रसाद नहीं दे रहे, यह किसानों का अधिकार : कांग्रेस

नयी दिल्ली : कांग्रेस ने 'प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि' योजना की 17वीं किस्त जारी किए जाने से पहले इसकी खबरों को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पर निशाना साधते हुए कहा कि यह किसानों को 'प्रसाद' नहीं दिया जा रहा, बल्कि यह उनका वैध अधिकार है। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा कि गत नौ जून को 'एक तिहाई प्रधानमंत्री' ने जैसे ही पदभार संभाला, तब 'पीएम किसान सम्मान निधि' की 17वीं किस्त जारी करने की खबर ही सुर्खियों में थी, वही हुआ।

इंडिया गठबंधन को व्यथा सुनाएंगी स्वाति मालीवाल

नयी दिल्ली, (एजेंसी) राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल ने दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के करीबी बिभव कुमार द्वारा उनके साथ की गई कथित मारपीट के मामले पर बातचीत के लिए मंगलवार को विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के घटक दलों के नेताओं से समय मांगा।

विपक्षी गठबंधन के राहुल गांधी और शरद पवार जैसे नेताओं को लिखे पत्र में आम आदमी पार्टी की सदस्य ने शिकायत की कि दुर्व्यवहार के खिलाफ बोलने पर उन्हें 'शर्मिंदा किया गया और उनका चरित्र हनन' हुआ। उन्होंने लिखा, 'समर्थन के बजाय मेरे ही चरित्र पर लगातार सवाल उठाए गये और मेरी अपनी ही पार्टी के नेताओं और स्वयंसेवकों ने प्रताड़ित किया।' मालीवाल ने पत्र में कहा, 'पिछले एक महीने में मुझे यह तो अहसास हो गया कि न्याय के लिए संघर्ष करने वाली एक पीड़िता को किस तरह की पीड़ा और अकेलेपन का सामना करना पड़ता है3 मैं इस मुद्दे पर बातचीत के लिए आपका समय चाहती हूं।' मालीवाल ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राकांपा (शप) के राष्ट्रीय अध्यक्ष शरद पवार को संबोधित पत्र सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर साझा किया। उन्होंने पत्र में यह भी कहा, 'पिछले 18 वर्षों से मैंने जमीनी स्तर पर काम किया है और नौ वर्षों में महिला आयोग में 1.7 लाख मामलों में सुनवाई की। बिना किसी से डरे और किसी के आगे झुके, मैंने महिला आयोग को एक बहुत ऊंचे मुकाम पर खड़ा किया है, लेकिन बेहद दुख की बात है कि पहले मुझे मुख्यमंत्री के घर पर बुरी तरह पीटा गया, फिर मेरा चरित्र हनन किया गया।' उन्होंने कहा, 'आज इस विषय पर मैंने 'इंडिया' घटक के सभी बड़े नेताओं को पत्र लिखा है। मैंने सबसे मिलने का समय मांगा है।'

देशभर के 41 हवाई अड्डों को उड़ाने की धमकी

दिल्ली, जयपुर, चेन्नई और पटना समेत कई जगह हड़कंप, सुरक्षा बढ़ाई

नयी दिल्ली, (एजेंसी) दहशतगर्दों ने देश के 41 हवाई अड्डों को मंगलवार को बम होने की धमकी वाले ई-मेल भेजे। इसके बाद सुरक्षा एजेंसियों द्वारा कई घंटों तक चलाए गए अभियान के बाद इनमें से प्रत्येक को अफवाह घोषित कर दिया गया। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। सूत्रों के मुताबिक ये ई-मेल अपराह्न करीब 12.40 बजे हवाई अड्डों पर 'एक्सहुम्डयू888' नामक ई-मेल आईडी से प्राप्त हुए।

सूत्रों ने बताया कि हवाई अड्डों ने बम की धमकी मिलने के बाद आकस्मिक उपाय शुरू कर दिए, जांच की है और संबंधित बम खतरा आकलन समिति की सिफारिशों के बाद टर्मिनलों की तलाशी ली है। इन फर्जी धमकी भरे ई-मेल के पीछे 'केएनआर' नामक एक ऑनलाइन समूह का हाथ होने का संदेह है। उन्होंने बताया कि समूह ने कथित तौर पर एक मई को दिल्ली-एनसीआर के कई स्कूलों को इसी तरह के ई-मेल भेजे थे। हवाई अड्डों को प्राप्त ई-मेल में लगभग एक जैसा संदेश था, 'हैलो, हवाई अड्डे में विस्फोटक छिपाए गए हैं। बम जल्द ही फट जाएंगे। तुम सब मर जाओगे।' सूत्रों ने बताया कि सभी हवाई अड्डों ने इस धमकी को फर्जी बताया और यात्रियों की आवाजाही को यथासंभव निर्बाध रखा गया।

दिल्ली से दुबई जाने वाले एक विमान में बम रखा होने की धमकी ईमेल के जरिए दी गई। विमान की तलाशी ली गयी जिसमें कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं की गई।' उधर, जयपुर और नागपुर हवाईअड्डे को भी ईमेल से धमकी मिली। जयपुर के एसएसजी पारीक पीजी कॉलेज को भी ईमेल के जरिए धमकी मिली थी जो पुलिस की जांच में अफवाह निकली।

चेन्नई अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे से मंगलवार को 286 यात्रियों के साथ दुबई जाने वाले एक विमान में भी बम होने की अफवाह के चलते इसके उड़ान भरने में देरी हुई। पटना हवाई की भी ऐसी ही धमकी के बाद सुरक्षा बढ़ा दी गई। इन सभी घटनाओं में ईमेल भेजने वाले के बारे में विवरण इकट्ठा किया जा रहा है। गौर हो कि इस वर्ष अप्रैल से अब तक ईमेल के जरिये ऐसी कई धमकियां देश के अलग-अलग हिस्सों में मिली हैं। पिछले दिनों चंडीगढ़ एवं दिल्ली के अस्पतालों समेत अनेक जगह बम होने का ईमेल किया गया था जो बाद में अफवाह साबित हुई।

धोखाधड़ी से बना चिकित्सक कितना घातक होगा

नीट-यूजी परीक्षा मामले में सुप्रीम कोर्ट की गंभीर टिप्पणी

नयी दिल्ली, (एजेंसी) सुप्रीम कोर्ट ने मंगलवार को कहा कि नीट-यूजी 2024 परीक्षा के आयोजन में किसी की तरफ से '0.001 प्रतिशत लापरवाही' भी हुई हो, तब भी उससे पूरी तरह से निपटा जाना चाहिए। कोर्ट ने कहा, 'कल्पना कीजिए कि व्यवस्था से धोखाधड़ी करने वाला कोई व्यक्ति चिकित्सक बन जाए। वह समाज के लिए कितना अधिक घातक है।' न्यायालय ने कहा कि छात्रों को इन परीक्षाओं की तैयारी करते समय कठोर परिश्रम करना पड़ता है।

कोर्ट ने कहा कि राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (स्नातक स्तर)-2024 (नीट-यूजी, 2024) से संबंधित मुकदमे को विरोधात्मक नहीं माना जाना चाहिए। जस्टिस विक्रम नाथ और जस्टिस एसवीएन भट्टी की अवकाशकालीन पीठ ने केंद्र सरकार और राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की ओर से पेश हुए अधिवक्ताओं से उक्त बात कही। पीठ गत पांच मई को हुई परीक्षा में छात्रों को कृपांक (ग्रेस मार्क्स) दिए जाने समेत अन्य शिकायतों से संबंधित दो अलग-अलग याचिकाओं पर सुनवाई कर रही थी।

सुप्रीम कोर्ट संबंधित सभी याचिकाओं पर सुनवाई 8 जुलाई को करेगा। सुप्रीम कोर्ट ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की सीबीआई से जांच कराने के अनुरोध वाली याचिका पर पिछले सप्ताह केंद्र एवं एनटीए से जवाब मांगा था। केंद्र और एनटीए ने 13 जून को शीर्ष अदालत को बताया था कि उन्होंने एमबीबीएस और ऐसे अन्य पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए परीक्षा देने वाले 1,563 अभ्यर्थियों को प्रदत्त कृपांक (ग्रेस मार्क) निरस्त कर दिए हैं। केंद्र ने न्यायालय को बताया था कि इन उम्मीदवारों के पास या तो पुनरू परीक्षा देने या कृपांक हटाकर प्राप्त मूलांक के आधार पर परिणाम को स्वीकार करने का विकल्प होगा।

एनटीए को सलाह- गलती हुई है तो मानिए, विश्वास पैदा होगा

पीठ ने एनटीए के वकीलों से कहा, 'परीक्षा आयोजित करने के लिए जिम्मेदार एजेंसी का प्रतिनिधित्व करते हुए, आपको दृढ़ रहना चाहिए। अगर कोई गलती है, तो हां यह गलती हुई है और हम यह कार्रवाई करने जा रहे हैं। कम से कम इससे आपके कामकाज में विश्वास तो पैदा होगा।'

जांच की मांग पर आप ने किया प्रदर्शन

आम आदमी पार्टी (आप) के नेताओं ने नीट में कथित अनियमितताओं के खिलाफमंगलवार को यहां जंतर-मंतर पर प्रदर्शन किया। दिल्ली के स्वास्थ्य मंत्री सौरभ भारद्वाज ने सुप्रीम कोर्ट की निगरानी में मामले की जांच की मांग की। उन्होंने कहा, 'कुछ विद्यार्थियों ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया। हम चाहते हैं कि मामले की जांच के लिए एक समिति गठित की जाए और इसकी निगरानी शीर्ष अदालत द्वारा की जाए।'

अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के प्रति आकर्षण आत्मघाती : सकलानी

नयी दिल्ली, (एजेंसी) राष्ट्रीय शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद (एनसीईआरटी) के निदेशक डीपी सकलानी ने अभिभावकों के अंग्रेजी माध्यम विद्यालयों के प्रति आकर्षण को आत्मघाती बताया है। सकलानी ने कहा कि अंग्रेजी में विषय-वस्तु को रटने की प्रथा ने बच्चों में ज्ञान की हानि की है और उन्हें उनकी जड़ों और संस्कृति से दूर कर दिया है।

एक बातचीत में एनसीईआरटी प्रमुख ने कहा, 'माता-पिता अंग्रेजी माध्यम के विद्यालयों के प्रति आकर्षित हैं, वे अपने बच्चों को ऐसे स्कूलों में भेजना पसंद करते हैं, भले ही वहां शिक्षक न हों या वे पर्याप्त प्रशिक्षित न हों। यह आत्मघात से कम नहीं है और यही कारण है कि नयी (राष्ट्रीय) शिक्षा नीति में मातृभाषा में पढ़ाने पर जोर दिया गया है।' इस संबंध में सकलानी ने कहा, 'शिक्षण मातृभाषा पर आधारित इसलिए होना चाहिए क्योंकि जब तक हम अपनी मातृभाषा, अपनी जड़ों को नहीं समझेंगे, हम कुछ भी कैसे समझेंगे? हमें अपनी मातृभाषा में पढ़ाई पर जोर देना चाहिए। और बहुभाषी दृष्टिकोण का मतलब यह नहीं है कि किसी एक भाषा में शिक्षण समाप्त किया जाए, बल्कि जोर कई भाषाओं को सीखने पर है।' एनसीईआरटी प्रमुख ने ओडिशा की दो आदिवासी भाषाओं में 'प्राइमर' (पुस्तकें) विकसित करने के केंद्रीय शिक्षा मंत्री की एक पहल का हवाला दिया, ताकि छात्रों को उनके स्थानीय स्वभाव और संस्कृति पर आधारित चित्रों, कहानियों और गीतों की मदद से पढ़ाया जा सके, ताकि उनके बोलने के कौशल, सीखने के परिणाम और संज्ञानात्मक विकास में सुधार हो सके।

121 भाषाओं में तैयार हो रही हैं पुस्तकें

सकलानी ने कहा, '121 भाषाओं में 'प्राइमर' (पुस्तकें) इस साल तैयार हो जाएंगे और इससे स्कूल जाने वाले बच्चों को उनकी जड़ों से जोड़ने में मिलेगी।'

सकलानी ने कहा, 'हम अंग्रेजी में रटना शुरू कर देते हैं और यहीं से ज्ञान की हानि होती है। भाषा एक सक्षम कारक होनी चाहिए, इससे अक्षम नहीं होना चाहिए।' वर्ष 2020 में अधिसूचित नयी राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) ने सिफारिश की थी कि जहां भी संभव हो, कम से कम कक्षा पांच तक शिक्षा का माध्यम घरेलू भाषा, मातृभाषा, स्थानीय भाषा या क्षेत्र की भाषा होनी चाहिए। नीति ने सिफारिश की कि मातृभाषा में शिक्षण अधिमानतः कक्षा 8 और उससे आगे तक होना चाहिए। इसके बाद, जहां भी संभव हो, घरेलू या स्थानीय भाषा को भाषा के रूप में पढ़ाया जाना जारी रहेगा।

फिजिक्स के एक सवाल पर एनसीईआरटी और एनटीए आमने-सामने

नयी दिल्ली, दो सरकारी निकायों-एनसीईआरटी और एनटीए में नीट-यूजी परीक्षा में पूछे गए भौतिकी (फिजिक्स) के एक सवाल के गलत जवाब को लेकर टकराव हो गया है। एनटीए द्वारा घोषित 2024 नीट-यूजी परिणामों में पूर्ण अंक (720ध्720) पाने वाले 67 उम्मीदवारों में से 44 को फिजिक्स में ऐसे ही सवाल के चक्कर में ग्रेस मार्क्स मिले थे।

मैसूर में एक कार्यक्रम के दौरान एनसीईआरटी के निदेशक दिनेश प्रसाद सकलानी ने एनटीए के इस दावे को खारिज कर दिया कि परीक्षा में मेडिकल उम्मीदवारों द्वारा चुने गए गलत उत्तर उनकी पुरानी कक्षा 12 की एनसीईआरटी विज्ञान की पाठ्यपुस्तक में गलत संदर्भ पर आधारित थे।

परीक्षा में बहुविकल्पीय प्रश्न का पहला कथन था, 'परमाणु विद्युत रूप से तटस्थ होते हैं क्योंकि उनमें धनात्मक और ऋणात्मक आवेश बराबर संख्या में होते हैं।' दूसरे कथन में कहा गया, 'प्रत्येक तत्व के परमाणु स्थिर होते हैं और अपना विशिष्ट स्पेक्ट्रम उत्सर्जित करते हैं।'

विकल्प इस प्रकार थे- एक रू पहला सही है लेकिन दूसरा गलत हैय दो रू पहला गलत है, लेकिन दूसरा सही हैय तीन रू पहला और दूसरा दोनों कथन सही हैंय चार रू दोनों कथन गलत हैं। 29 मई को एनटीए ने शुरुआती उत्तर कुंजी जारी की, जिसमें दिखाया गया कि पहला विकल्प सही है। हालांकि, छात्रों ने इस आधार पर उत्तर कुंजी को चुनौती दी कि कक्षा 12 की एनसीईआरटी पाठ्यपुस्तक के पुराने संस्करण में गलत तरीके से कहा गया है कि 'प्रत्येक तत्व के परमाणु स्थिर हैं' जबकि नयी पुस्तक में कहा गया है कि 'अधिकांश तत्वों के परमाणु स्थिर हैं।' एनटीए ने कहा कि उसने उन सभी छात्रों को ग्रेस मार्क्स दिए जिन्होंने तीसरे विकल्प को सही चिह्नित किया था। सकलानी ने कहा, 'एनसीईआरटी की 2020 से संशोधित पाठ्यपुस्तकें प्रिंट और ऑनलाइन दोनों रूपों में उपलब्ध हैं। ग्रेस मार्क्स की गड़बड़ी के लिए एनसीईआरटी जिम्मेदार नहीं है। एनसीईआरटी ने 2020 में अपनी वेबसाइट पर अंतिम पाठ्यपुस्तकें अपलोड की थीं और इसे लेकर कोई भ्रम नहीं है। हमें नहीं पता कि 2020 से पहले की पाठ्यपुस्तकों का हवाला क्यों दिया गया? एनटीए के दावों में सच्चाई नहीं है।'

जून में बारिश औसत से 20: कम, कुछ राज्यों में बन रही मानसून की स्थिति

नयी दिल्ली भारत में एक जून से मानसून अवधि की शुरुआत के बाद से 20 प्रतिशत कम बारिश हुई है। भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने यह जानकारी दी।

मौसम विभाग ने बताया कि अगले तीन से चार दिनों में महाराष्ट्र, छत्तीसगढ़, ओडिशा, आंध्र प्रदेश के तटीय क्षेत्रों, उत्तर-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी, बिहार और झारखंड के कुछ हिस्सों में मानसून आने की स्थिति बन रही हैं। मौसम विभाग ने बताया कि भारत में एक से 18 जून के बीच 64.5 मिमी बारिश हुई, जो लंबी अवधि के 80.6 मिमी के औसत (एलपीए) से 20 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग ने बताया कि एक जून से अब तक उत्तर-पश्चिम भारत में 10.2 मिमी बारिश (सामान्य से 70 प्रतिशत कम), मध्य भारत में 50.5 मिमी (सामान्य से 31 प्रतिशत कम), दक्षिण प्रायद्वीप में 106.6 मिमी (सामान्य से 16 प्रतिशत अधिक) तथा पूर्व एवं उत्तर-पूर्व भारत में 146.7 मिमी (सामान्य से 15 प्रतिशत कम) बारिश हुई।

दक्षिण-पश्चिम मानसून 19 मई को निकोबार द्वीप समूह के कुछ हिस्सों में पहुंच गया था। इसके बाद 26 मई को चक्रवात रेमल के साथ ही मानसून दक्षिण के अधिकांश हिस्सों और बंगाल की खाड़ी के मध्य के कुछ हिस्सों तक पहुंचा था।

केरल और पूर्वोत्तर राज्यों में सामान्य से क्रमशः दो और छह दिन पहले 30 मई को मानसून ने दस्तक दे दी थी। केरल, कर्नाटक, गोवा, आंध्र प्रदेश और तेलंगाना के सभी हिस्सों, दक्षिणी महाराष्ट्र के अधिकतर क्षेत्रों, दक्षिणी छत्तीसगढ़, दक्षिणी ओडिशा के कुछ भागों, उप-हिमालयी पश्चिम बंगाल के अधिकतर हिस्सों, सिक्किम और सभी पूर्वोत्तर राज्यों के अधिकांश हिस्सों में 12 जून तक मानसून दस्तक दे चुका था।

आईएमडी ने कहा, ''उपरोक्त क्षेत्रों तक पहुंचने के बाद मानसून आगे नहीं बढ़ा।' आईएमडी ने बताया कि देश के 11 मौसम उप-प्रभागों में एक से 18 जून के बीच सामान्य से लेकर बहुत अधिक बारिश हुई है, जबकि 25 उप-प्रभागों में बहुत कम बारिश हुई। मौसम विभाग के अनुमान के मुताबिक, देश भर में जून में औसत बारिश सामान्य से कम होने की संभावना है।

जेल से लॉरेंस बिश्नोई की पाकिस्तान में वीडियो कॉलय जांच के आदेश

अहमदाबाद, (एजेंसी) अगस्त 2023 से यहां साबरमती केंद्रीय कारागार में बंद गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई को कथित तौर पर वीडियो कॉल पर पाकिस्तान के गैंगस्टर शहजाद भट्टी से बात करते हुए दिखाने वाला एक वीडियो मंगलवार को सामने आया, जिसके बाद गुजरात सरकार ने जांच के आदेश दिए। यह वीडियो 19 सेकंड का है। वीडियो में लॉरेंस ईद-उल-अजहा (भारत में 17 जून को मनाया गया) के मौके पर भट्टी को मुबारकबाद देता है, जिस पर भट्टी कहता है कि यह त्योहार पाकिस्तान में अगले दिन मनाया जाएगा। यह सुनकर लॉरेंस उससे कहता है कि वह ईद की मुबारकबाद देने के लिए कल उसे फोन करेगा। यह वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद राज्य सरकार ने जांच के आदेश दिए। सरकार के प्रवक्ता और शिक्षा मंत्री ऋषिकेश पटेल ने कहा कि गृह राज्य मंत्री हर्ष सांघवी ने पहले ही इसकी जांच के आदेश दे दिए हैं और अधिकारियों से विस्तार से जांच करने को कहा है।

आप ने सुनील जाखड़ को घेरा

बठिंडा : वीडियो मामले पर आप ने भारतीय जनता पार्टी और पार्टी के पंजाब अध्यक्ष सुनील जाखड़ पर तीखा हमला किया। पार्टी प्रवक्ता नील गर्ग ने कहा कि जाखड़ क्या इस मुद्दे पर अपनी पार्टी की गुजरात सरकार से सवाल करेंगे। उन्होंने कहा कि लॉरेंस बिश्नोई गुजरात जेल से गैंग चला रहा है, जो इस वीडियो से साबित होता है। नील गर्ग ने कहा कि गुजरात के मुख्यमंत्री से भी पूछा जाना चाहिए कि वहां से बड़ी मात्रा में ड्रग्स की तस्करी पंजाब में क्यों की जा रही है।

भीषण गर्मी से जनजीवन मुहाल, गर्मी ने तोडे सारे रिकार्ड

दोपहर के समय सडकों पर चलना हुआ दूभर, पसरा रहा सन्नाटा

तापमान में बढोत्तरी से लोगों में बढने लगी बीमारियां, अस्पतालों में भीड

युरेशिया संवाददाता

शामली। गर्मी ने इस बार पिछले कई सालों के रिकार्ड तोड दिए है। जून माह में ही भीषण गर्मी ने लोगों को बेहाल करके रख दिया है। दोपहर के समय तेज धूप और गर्म हवाओं के चलने से लोग खासा परेशान है। तेज धूप ने लोगों के चेहरे और जिस्म को पूरी तरह से झुलसा दिया। तेज धूप ने लोग बेहाल रहे। धूप में निकलने से लोगों ने परहेज किया, जो सडकों पर निकले वह मुंह और सिर पर कपडा लपेटकर निकले।

मौसम का तापमान 44 डिग्री सैल्सियस से ऊपर पहुंच रहा है जिसके कारण आम जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हो गया है। गर्मी पिछले सारे रिकॉर्ड तोडने में लगी है। मौसम के जानकारों की माने तो जून के महीने में गर्मी ने पिछले सारे रिकोर्ड तोड दिये है। मंगलवार को भी भीषण गर्मी ने लोगों को बुरी तरह बेहाल करके रख दिया। लोग घरों से बाहर नहीं निकले। सडकों व बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। सवेरे से ही मौसम तेज धूप के कारण मौसम पूरी तरह से गर्म हो गया था। दोपहर होते होते जैसे ही सूर्यदेव सिर पर पहुंचे तो तेज धूप के साथ चल रही गर्म हवाओं ने लोगों को खासा परेशान किए रखा। दोपहर के समय सूर्य में तपिश इतनी तेज थी कि धूप में खडा होना भी मुश्किल हो गया था। गर्मी के प्रकोप को देखते हुए लोग बाजारों में कम ही निकले, जिससे भीडभाड वाले बाजारों में भी सन्नाटा पसरा रहा। जो लोग बाजारों में निकले तो सिर और मुंह पर कपडा, आंखों में काला चश्मा लगाकर निकले ताकि तेज धूप और गर्मी से बचा जा सके। वहीं मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण बीमारियों का भी खतरा बढ़ गया है।

चिकित्सकों की माने तो मौसम में हो रहे परिवर्तन के कारण लोगों में बुखार, खांसी, जुकाम, सिर दर्द, पेट दर्द आदि रोगों का खतरा भी बढ़ गया है। भीषण गर्मी के कारण शरीर में पानी की कमी पैदा हो जाती है ऐसे में लगातार पानी का सेवन करते रहे। वहीं बीमारियों के चलते सरकारी और प्राइवेट चिकित्सकों के यहां भी मरीजों की भीड रही।

कई थाना प्रभारी व उपनिरीक्षकों के स्थानांतरण

बाबरी थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद थानाभवन थाना प्रभारी बने

देवेन्द्र कुमार रावत को बनाया गया कांधला थाना प्रभारी

युरेशिया संवाददाता

शामली। एसपी अभिषेक ने कानून व्यवस्था को चुस्त दुरूस्त करने के लिए कई थाना प्रभारी व उप निरीक्षकों के तबादले किए हैं। बाबरी थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद को थानाभवन थाने का चार्ज सौंपा गया है जबकि थानाभवन थाना प्रभारी सतीश कुमार को अपराध शाखा में भेजा गया है।

एसपी अभिषेक ने जनपद की कानून व्यवस्था को दुरूस्त करने के लिए कई थाना प्रभारियों व उप निरीक्षकों के स्थानांतरण किए हैं। एसपी ने बाबरी थाना प्रभारी राजेन्द्र प्रसाद को थानाभवन थाने का प्रभारी बनाया है, वहीं थानाभवन थाना प्रभारी सतीश कुमार को अपराध शाखा भेजा गया है। इसके अलावा कांधला थानाध्यक्ष सूबे सिंह को गैर जनपद में स्थानांतरण होने के कारण पुलिस लाइन स्थानांतरित किया है वहीं सीओ कार्यालय में साइबर अपराध में तैनात मंजू रानी को कैराना महिला पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र का प्रभारी बनाया गया है जबकि प्रभारी निरीक्षक महिला पुलिस चौकी परामर्श केन्द्र कैराना सीमा शर्मा को साइबर अपराध थाना कोतवाली सीओ कार्यालय में तैनात किया गया है। एसपी ने उप निरीक्षक देवेन्द्र कुमार रावत को पीआरओ एसपी से कांधला थाना प्रभारी बनाया गया है। वहीं उप निरीक्षक राहुल कुमार सिसौदिया को एसओजी से बाबरी थाना प्रभारी बनाया गया है।

मंदिर में चल रहे कीर्तन व भंडारे में बवाल

डेढ दर्जन से अधिक युवकों ने महिलाओं व युवतियों से की छेडछाड

विरोध करने पर लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से बोला हमला

एक महिला समेत आधा दर्जन युवक घायल, तीन की हालत गंभीर, मेरठ रैफर

पीडित पक्ष ने कोतवाली पहुंचकर आरोपितों के खिलाफदी तहरीर

युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के मौहल्ला पंसारियान स्थित शाकुंभरी देवी मंदिर में चल रहे भजन कीर्तन व भंडारे के दौरान कुछ युवकों ने घुसकर महिलाओं व युवतियों से छेडछाड की तथा विरोध करने पर कई लोगों पर लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया जिसमें एक महिला सहित आधा दर्जन लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। भीड को आता देखकर आरोपित जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा सभी घायलों को उपचार के लिए चिकित्सालय भिजवाया जहां से तीन लोगों को मेरठ के लिए रैफर कर दिया। पीडितों ने डेढ दर्जन आरोपितों के खिलाफपुलिस को तहरीर दी है।

जानकारी के अनुसार मौहल्ला पंसारियान निवासी मामचंद ने अपने परिजनों के साथ मौहल्ला में स्थित शाकुंभरी देवी मंदिर में भजन कीर्तन व भंडारे का आयोजन किया था। देर रात करीब 9 बजे कीर्तन व भंडारे के दौरान डेढ दर्जन से अधिक युवक मंदिर में घुस गए तथा वहां मौजूद महिलाओं व युवतियों से छेडछाड शुरू कर दी। जब मामचंद व अन्य परिजनों ने युवकों का विरोध किया तो उन्होंने गाली गलौच करते हुए उन पर लोहे की रॉड व धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। हमले में मामचंद, सन्नी, चिंटू, शिवम, रोहित, दीपक व सरोज पत्नी मामचंद गंभीर रूप से घायल हो गए। शोर शराबा होने पर आसपास के लोग जब मौके पर पहुंचे तो हमलावर जान से मारने की धमकी देते हुए फरार हो गए। पीडितों की सूचना पर कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची तथा घायलों को उपचार के लिए राजकीय चिकित्सालय में भर्ती कराया जहां मामचंद, शुभम व रोहित की हालत गंभीर होने पर उन्हें मेरठ के लिए रैफर कर दिया गया। मंगलवार की सुबह दर्जनों लोग घायलों को लेकर शामली कोतवाली पहुंच गए तथा गांव मुंडेट निवासी आठ युवकों को नामजद व करीब डेढ दर्जन युवकों के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर पुलिस से कार्रवाई की मांग की। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मामले की जांच पडताल शुरू कर दी है।

नियमित योग करने से शरीर रहता है स्वस्थः रामअवतार तायल

क्रीडा भारती द्वारा निशुल्क ध्यान एवं योग शिविर में दिया गया प्रशिक्षण

युरेशिया संवाददाता

शामली। क्रीड़ा भारती द्वारा जयराज इको स्टे रिसोर्ट में आयोजित निःशुल्क ध्यान एवं योग प्रशिक्षण शिविर में साधकों को नियमित रूप से योग करने के लिए जागरूक किया गया। मंगलवार को शिविर के पांचवें दिन का शुभारंभ प्रांत अध्यक्ष आरोग्य भारती मेरठ इंजीनियर रामअवतार तायल ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा शरीर 600 खरब कोशिकाओं से बना है जिसमें से 80 हजार कोशिकाएं हर समय मरती रहती हैं और इतनी ही बनती रहनी चाहिए जिसके लिए आक्सीजन बेहद आवश्यक है जिससे शरीर के सभी अंग मजबूत बने रह सकें, दूसरे संचारी रोगों की रोकथाम के लिए इम्यून पावर को स्ट्रांग करने के लिए भी आक्सीजन ही अतिमहत्वपूर्ण है। इसी प्रकार कम भोजन से अधिक ऊर्जा प्राप्त करने के लिए भी आक्सीजन उपयोगी है और आक्सीजन बढ़ाने के लिए भस्त्रिका, क ?पालभाति, अनुलोम विलोम, भ्रामरी व उद् ?गीथ आदि प्राणायाम का अभ्यास नियमित करना चाहिए। एक्यूप्रेशर विशेषज्ञ डा. बिजेन्द्र सिंह ने योग साधकों को आसन-व्यायाम का अभ्यास कराते हुए विशेष रूप से चक्रासन के बारे में समझाते हुए बताया कि चक्रासन में छाती और कंधे की मांसपेशियों के साथ-साथ कूल्हे के फ्लेक्सर्स के लिए भी गहरा खिंचाव प्रदान करता है, यह हैमस्ट्रिंग और स्पाइनल एक्सटेंसर को भी मजबूत करता है, रीढ़ की हड्डी के लचीलेपन में सुधार करता है। इस मौके पर डा. राजेन्द्र स्वामी, कमलवीर, रमेश राणा, अभिषेक तोमर, शिवम मलिक, अनिल शर्मा, मंजू आर्या, स्नेहा चौधरी, श्वेता आर्या, वरदान, गुलजार, कुलवंश, वंश पंवार, मीत नैन, कुलवंश, ऋषभ चौधरी, देवांश तोमर, दिव्यांश तोमर, अक्षज, अर्णव जावला आदि उपस्थित रहे। वहीं क्रीड़ा भारती द्वारा ट्राउन्स कबड्डी एकेडमी बंतीखेड़ा में आयोजित योग शिविर में प्रशिक्षक कमल वर्मा ने योगासन का अभ्यास कराया। इस अवसर पर प्रविंद्र तोमर, राजीव कुमार, अर्पित, निशांत, यश आदि उपस्थित रहे। शहीद उधम सिंह स्टेडियम में योग प्रशिक्षक दीपांशु चौधरी ने योगाभ्यास कराया। इस अवसर पर क्रीड़ा भारती जिला मंत्री एडवोकेट कमलवीर, सहदीप मलिक, कबड्डी कोच संजू मलिक आदि उपस्थित रहे।

भाजपा द्वारा आगामी कार्यक्रमों को लेकर क्रियान्वयन शुरू

21 से 30 जून तक होंगे विभिन्न कार्यक्रम, लोकतंत्र सेनानियों का होगा सम्मान

भाजपा जिला कार्यालय पर जिला कार्यकारिणी की बैठक का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

शामली। भारतीय जनता पार्टी द्वारा आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा को लेकर क्रियान्वयन शुरू कर दिया। आगामी कार्यक्रमों के दौरान 21 जून को सभी मंडलों में योग दिवस, डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर गोष्ठियां, वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मंगलवार को पार्टी कार्यालय पर आयोजित जिला कार्यकारिणी बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष तेजेन्द्र निर्वाल द्वारा प्रदेश कार्यालय से प्राप्त आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की गयी। उन्होंने बताया कि 21 जून को सभी मंडलों में योग दिवस पर योग कार्यक्रम होंगे, मोर्चा व प्रकोष्ठों द्वारा जिला स्तर पर अलग-अलग कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 23 जून को डा. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के बलिदान दिवस पर उनके व्यक्तित्व व कृतित्व पर गोष्ठियां आयोजित होंगी। 5 जुलाई को उनके जन्मदिवस तक अलग-अलग चरणों में वृक्षारोपण कार्यक्रम होंगे। 25 जून को भारत की राजनीति का काला अध्याय बताते हुए उन्होंने कहा कि इस दिन भारत में आपातकाल लागू किया गया था जिसके चलते सभी लोकतंत्र सेनानियों को जेल में डाल दिया गया था। उस दिन कार्यकर्ता अपने-अपने क्षेत्र के लोकतंत्र सेनानियां के यहां जाकर उनका कुशल क्षेम पूछकर उनका सम्मान करेंगे। 30 जून को लगभग तीन माह बाद प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी मन की बात करेंगे। उन्होने कार्यकर्ताओं का आहवान किया कि वे सभी कार्यक्रमों को सफल बनाने के लिए कार्य करें। इस अवसर पर मीडिया प्रभारी डा. मनोज शर्मा, पवन तरार, प्रमोद अट्टा, हरबीर मलिक, पंकज गुप्ता, पुनीत द्विवेदी, दामोदर सैनी, रंधावा मलिक, रामपाल सिंह, रूबी चौधरी, शशि अरोरा, सुधा वर्मा, संगीता जिंदल, पूनम राणा, सतीश धीमान, सुखचौन वालिया, अनुज राणा, नंदू राणा, सचिन जैन, जगदीश चौहान, निविश सहित बडी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

मारपीट के आरोपित युवकों के खिलाफकडी कार्रवाई की मांग

पेट पर लात मारने से महिला का दो माह का गर्भ गिरा

कोतवाली पुलिस पर लगाया जबरन समझौता कराने का आरोप

पीडित महिला ने पुलिस आफिस पहुंचकर एसपी से लगाई गुहार

युरेशिया संवाददाता

शामली। शहर के गांधी चौंक सब्जी मंडी में महिला व उसके पति के साथ युवकों द्वारा की गयी मारपीट के मामले में पीडित महिला ने युवकों पर पेट पर लात मारने से उसका गर्भपात होने व कोतवाली पुलिस पर जबरन मामले में समझौता कराने का आरोप लगाते हुए एसपी से आरोपितों पर कडी कार्रवाई की मांग की है।

जानकारी के अनुसार शहर के मौहल्ला लाजपत राय निवासी सीमा सैनी ने मंगलवार को अपने परिजनों के साथ पुलिस आफिस पहुंचकर प्रार्थना पत्र देते हुए बताया कि 16 जून की शाम वह अपने पति प्रमोद सैनी के साथ बाजार गयी थी। गांधी चौंक स्थित सब्जी मंडी में पहुंचने पर बाइक सवार तीन युवकों ने उसके पैर पर बाइक का पहिया चढा दिया जब उसने विरोध किया तो उक्त तीनों युवकों ने उसके व उसके पति के साथ मारपीट शुरू कर दी। पीडिता का आरोप है कि युवकों ने उसके पेट पर भी लात मारी जिससे उसका दो माह का गर्भ भी गिर गया। शोर शराबा होने पर आसपास के दुकानदारों ने किसी तरह उनकी जान बचाई, बाद में आरोपित मौके से फरार हो गए। उसने घटना के संबंध में रोहित पुत्र सतीश, सुमित पुत्र सुरेश निवासीगण बीस फुटा रोड बडीआल व एक अज्ञात युवक के खिलाफपुलिस को तहरीर दी लेकिन पुलिस ने यह मामला एनसीआर में दर्ज किया। पीडिता ने एक निजी चिकित्सालय में अपना उपचार कराया। पीडिता का आरोप है कि कोतवाली पुलिस ने इस मामले में उसकी सहमति के बिना ही जबरन समझौता भी करा दिया जबकि उक्त हमले की वीडियो उसके पास मौजूद है। पीडिता ने आरोपितों के खिलाफ उसके गर्भपात करने की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर एसपी से कडी कार्रवाई करने की मांग की है।

जानलेवा हमला करने के दो आरोपित गिरफ्तार, तमंचे बरामद

शामली व कैराना पुलिस ने दबोचे आरोपित, मुकदमा दर्ज

युरेशिया संवाददाता

शामली। दो अलग-अलग मामलों में युवकों पर जानलेवा हमले के दो आरोपितों को शामली व कैराना पुलिस ने गिरफ्तार करते हुए उनके कब्जे से दो तमंचे भी बरामद किए हैं। पुलिस ने आरोपितों पर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार शामली के मौहल्ला पंसारियान निवासी युसूफपुत्र शरीफने मौहल्ला कलंदरशाह निवासी शोएब पुत्र सलीम व नौकुआं रोड निवासी शोएब उर्फमाठा पुत्र सुक्का के खिलाफपुत्र पर गाली गलौच व तमंचे से फायर करने का आरोप लगाते हुए कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराया था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर आरोपित की तलाश शुरू कर दी थी। मंगलवार को कोतवाली पुलिस ने हमले के एक आरोपित शोएब पुत्र सलीम उर्फफैटी निवासी कलंदरशाह को गिरफ्तार करते हुए उसके पास से हमले में प्रयुक्त एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है। पुलिस ने आरोपित के खिलाफ कार्रवाई शुरू कर दी है। दूसरी ओर कैराना पुलिस ने भी तितरवाडा रोड पर युवक पर जानलेवा हमले में वांछित एक आरोपित को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार 15 जून को तितरवाडा निवासी वकील ने झिंझाना के गांव तितरवाडा निवासी वसीम उर्फ तोतू पुत्र अयूब व तीन अन्य के खिलाफ भतीजे पर तमंचे से फायर करने व जान से मारने की धमकी देने का मामला दर्ज कराया था। पुलिस ने वसीम उर्फ तोतू पुत्र अयूब को गिरफ्तार करते हुए उसके कब्जे से एक तमंचा व कारतूस बरामद किया है।

ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को कई जगह हवन पूजन व भंडारा

हनुमान धाम, बनत हनुमान मंदिर, इंडस्ट्रीयल एरिया में हुए पूजन कार्यक्रम

विशाल भंडारे में सैंकडों की संख्या में श्रद्धालुओं ने लिया भाग

युरेशिया संवाददाता

शामली। ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम समेत कई स्थानों पर हवन पूजन एवं भंडारों के आयोजन किए गए। इस मौके पर डीएम, एडीएम ने भी पूजा अर्चना में भाग लिया तथा भंडारे प्रसाद वितरित किया।

जानकारी के अनुसार ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को शहर के मंदिर हनुमान टीला हनुमान धाम पर हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डीएम रविन्द्र सिंह, एसपी अभिषेक, एडीएम संतोष कुमार सिंह व पूर्व विधायक तेजेन्द्र निर्वाल रहे। दोपहर के समय महाआरती हुई इसके बाद विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। कार्यक्रम में मंदिर के प्रधान सलिल द्विवेदी, अरविन्द दृष्टा, डा. मनोज शर्मा, पुनीत द्विवेदी, संजीव प्रजापति, नरेन्द्र गोयल, अमित विश्वकर्मा, भूपेन्द्र मलिक, प्रदीप पंवार, रमेश धीमान, मुकेश कर्णवाल, मा. राजेश शर्मा आदि भी मौजूद रहे। वहीं दूसरी ओर बनत स्थित हनुमान मंदिर में भी ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को जिला बार एसोसियेशन द्वारा हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में एडीएम संतोष कुमार सिंह ने पूजा अर्चना व हनुमान चालीसा का पाठ किया। इसके बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद का वितरण किया गया। इस मौके पर बार एसोसियेशन के अध्यक्ष राकेश शर्मा, प्रदीप पंवार, जगत प्रसाद कौशिक, प्रवेश शर्मा, प्रशांत एडवोकेट, बिजेन्द्र एडवोकेट, मणिराम शर्मा आदि भी मौजूद रहे। वहीं इंडस्ट्रीयल एरिया में भी ज्येष्ठ माह के चौथे मंगलवार को उद्यमियों द्वारा हवन पूजन एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डीएम रविन्द्र सिंह, एडीएम संतोष कुमार सिंह ने पूजा अर्चना में भाग लिया। इस अवसर पर विशाल भंडारे का भी आयोजन किया गया जिसमें बडी संख्या में उद्यमियों, कर्मचारियों एवं श्रद्धालुओं ने भाग लिया। इस अवसर पर उद्यमी अंकित गोयल, अनुराग जैन, अशोक बंसल, अरविन्द संगल, आलोक जैन, अनुज गर्ग सहित आईआईए के समस्त उद्यमी भी मौजूद रहे।

ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार को हुआ विशाल भंडारे का आयोजन

कैराना तहसील में हवन पूजन में अधिकारियों, अधिवक्ताओं ने लिया भाग

युरेशिया संवाददाता

कैराना। ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के शुभ अवसर पर तहसील कैराना में स्थित हनुमान मंदिर के परिसर में विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें अधिकारियों अधिवक्ताओं सहित आम नागरिकों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्म लाभ उठाया। मंगलवार को कैराना तहसील में स्थित हनुमान मन्दिर के परिसर में ज्येष्ठ माह के चतुर्थ मंगलवार के शुभ अवसर पर आयोजित भंडारे से पूर्व श्री हनुमान जी महाराज की विशेष पूजा -अर्चना पंडित अनुराग शुक्ला द्वारा कराई गई।जिसमें मुख्य यजमान डीएम रविन्द्र सिंह,एडीएम संतोष सिंह,एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव रहे।पूजा-अर्चना के बाद श्री हनुमान चालीसा के पाठ का आयोजन हुआ।डीएम रविन्द्र सिंह,एडीएम संतोष सिंह,एसडीएम स्वप्निल कुमार यादव ने भंडारे में आये सभी श्रदालुओं को प्रसाद वितरण किया।जिसमें सभी अधिकारियों ने भाग लिया। इसके बाद विशाल भंडारे का आयोजन किया गया।जिसमें सभी अधिकारियों, अधिवक्ताओं व आये फरियादियों ने प्रसाद ग्रहण कर धर्मलाभ उठाया। इस अवसर पर तहसीलदार अर्जुन चौहान, नायब तहसीलदार राहुल सिंह, एडवोकेट नसीम अहमद, एडवोकेट शगुन मित्तल, एडवोकेट शक्ति सिंघल, लेखपाल लवकेश कुमार, लेखपाल मुज्जकिर खान, आलीशान आदि मौजूद रहे।

एक नजर..

टीकरी प्रांगण मे शीतल जल शरबत का वितरण किया

युरेशिया संवाददाता

बड़ौत ।नगर पंचायत टीकरी द्वारा पर्थम जीरो वेस्ट इंवेट मनाया गया। जिसके अन्तर्गत कार्यालय नगर पंचायत टीकरी प्रांगण मे शीतल जल शरबत का वितरण किया गया। कार्यक्रम प्रतिबन्धित प्लास्टिक के बिना व बिन फ्री किया गया। इंवेट मे स्वच्छ सर्वेक्षण 2024 के ब्राण्ड अम्बेसडर कृशनपाल सिंह द्वारा नागरिकों से यह अपील भी की गयी कि सभी नागरिक सिंगल यूज प्लासस्टिकव पॉलीथीन का प्रयोग न करे ओर न किसी को करने दे साथ ही अपने घरों व खाली स्थानों पर वृक्ष लगाये। नगर को स्वच्छ व सुन्दर बनाने में अपना सहयोग करे। इस अवसर पर अधिशासी अधिकारी जयबीर शर्मा, विनोद कुमार लिपिक, सचिन रूहेला महक सिंह मौजूद रहे।

पुलिस क्षेत्राधिकारी ने किया ओम योगी विशाल को प्राईड आफभारत अवार्ड से सम्मानित

नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। योग के क्षेत्र मे किशनपुर बराल निवासी और वर्ल्ड रिकॉर्ड विजेता ओम योगी विशाल भारद्वाज सफलता की बुलंदी को छूकर नित नए आयाम स्थापित कर बागपत जनपद का नाम देश प्रदेश मे रोशन कर रहे है।ओम योगी विशाल द्वारा अंतराष्ट्रीय स्तर पर रिकॉर्ड बनाने के लिए महाराष्ट्र के साईं नगर द्वारा प्राइड ऑफभारत अवार्ड रत्न ओम योगी विशाल को बागपत जनपद भेजा गया। सोमवार को हरीश सिंह भदौरिया क्षेत्राधिकारी सीओ क्राइम बागपत ने ओम योगी विशाल भारद्वाज को एक विशेष कार्यक्रम के दौरान दौरान प्राईड आफभारत अवार्ड से सम्मानित किया। बागपत क्षेत्राधिकारी ने ओम योगी को आशीर्वाद और शुभकामनाएं देते हुए जीवन में सफलता को ओर अग्रसर होने का आह्वान किया।

समाज सेवी सुमित चौधरी ने प्याऊ लगाकर पिलाया मीठा शर्बत

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। नगर के दिल्ली-सहारनपुर हाइवे पर जेठ के दशहरे पर समाजसेवी सुमित चौधरी ने प्याऊ लगाई और आते जाते लोगों को मीठा शर्बत पिलाकर पुण्य कमाया।

इस मौके पर सुमित चौधरी ने कहा कि गर्मी में पानी अमृत के सामान है। यदि भीषण गर्मी में राह चलते किसी व्यक्ति की पानी पीने से आत्मा खुश हो जाए तो इससे बड़ा पुण्य और कोई नहीं हो सकता। सभी लोगों को गर्मी में जगह-जगह प्याऊ लगाकर पानी पिलाना चाहिए। कहा कि यही वह कार्य है, जिनके द्वारा परमेश्वर के द्वार तक पहुंचा जा सकता है ।इस तरह के सामाजिक कार्य करने से दिल को काफी सुकून मिलता है। सभी लोगों को आपस में मिलजुल कर इस तरह के सामाजिक कार्यों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेना चाहिए।

धूमधाम के साथ निकाली गई खाटू श्याम जी की भव्य निशान यात्रा

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। बागपत में दो दिवसीय खाटू श्याम महोत्सव शुरू हो गया। पहले दिन खाटू श्याम जी की धूमधाम के साथ भव्य निशान यात्रा निकाली गई, इसमें श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

खाटू श्याम जी की निशान यात्रा नगर के ठाकुरद्वारा स्थित श्री राधा कृष्ण दामोदर चंद महाराज मंदिर से शुरू हुई और उसके बाद बड़ा बाजार, नगर पालिका, कोतवाली, होलिका दहन स्थल आदि स्थानों से होते हुए चमरावल रोड स्थित सम्राट पृथ्वीराज चौहान डिग्री कॉलेज के मैदान में बनाये गये उत्सव स्थल पर पहुंचकर समाप्त हुई। निशान यात्रा के दौरान सभी श्रदालु अपने हाथों में निशान लिए हुए थे और ड्रोन द्वारा उनके ऊपर पुष्प वर्षा की जा रही थी। भीषण गर्मी के बावजूद भी श्रद्धालुओं में निशान यात्रा के प्रति बेहद उत्साह था। पूरा शहर बाबा खाटू श्याम जी के जयकारों से गूंज उठा। 19 जून को शाम सवा पांच बजे उत्सव स्थल पर बाबा खाटू श्याम जी का भव्य विशाल जागरण होगा। जागरण में भजन प्रवाहक वैष्णवी शर्मा व अंजली शर्मा मध्य प्रदेश, ब्रज भाव साध्वी दीदी पूजा सखी श्रीधाम, मंच संचालक गुलशन खन्ना, रसिक संत बाबा हाऊ बलाऊ बिहारी दास जी महाराज वृंदावन, मनोज शर्मा पागल ग्वालियर भाग लेंगे। जागरण राकेश मित्तल प्रधान सोनीपत धाम के सानिध्य में होगा। इस मौके पर प्रकाश चौधरी, रमेश वर्मा, अमित चंदोरिया, आकाश सेठी, ललित शर्मा, गोपाल, विवेक गोयल, गौरव गुप्ता, श्री चौहान, सीताराम, मोनू वर्मा, सुरेंद्र चौहान आदि समेत काफी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

धनौरा सिल्वरनगर के विपिन राणा ने जीते दो कांस्य पदक

भोपाल में चल रही नेशनल शूटिंग चौंपियनशिप में मिली सफलता।

युरेशिया संवाददाता

बिनौली। भोपाल में चल रही 22 वी कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चौंपियनशिप में रेलवे में कार्यरत धनौरा सिल्वरनगर गांव के निशानेबाज विपिन राणा ने दो कांस्य पदक जीतकर जनपद व प्रदेश का नाम रोशन किया। मध्य प्रदेश के भोपाल शहर स्थित एमपी स्टेट शूटिंग एकेडमी में एक जून से 19 जून तक 22 वी ऑल इंडिया कुमार सुरेंद्र सिंह मेमोरियल शूटिंग चौंपियनशिप का आयोजन चल रहा है। जिसमे रेलवे के निशानेबाज विपिन राणा ने 25 मीटर सेंटर फायर पिस्टल पुरुष वर्ग स्पर्धा में कांस्य पदक जीता। जबकि फ्री पिस्टल पुरुष स्पर्धा में भी कांस्य पदक जीता। विपिन राणा इस समय द्रोणाचार्य शूंटिंग एकैडमी पर निशानेबाजी का प्रशिक्षण ले रहे हैं तथा उत्तर रेलवे में कार्यालय अधीक्षक के पद पर मेरठ कैंट स्टेशन पर कार्यरत है। पदक जीतने पर एकैडमी अध्यक्ष रोमी शिव, डा. रवि राणा, अरुण कुमार सिंह, अंकुर सिंह पहल, मोहम्मद फैसल, अदनान अब्बास, सुशील वत्स, प्रांजुल शर्मा, रामबल राणा आदि ने हर्ष व्यक्त किया।

रानी लक्ष्मीबाई के जीवन से प्रेरणा ले सभी : मोनिका सेठ

विपुल जैन / युरेशिया

बागपत। जिलेभर में 1857 की क्रांति की महान वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया गया। सभी ने उनके चित्र के सम्मुख पुष्प अर्पित कर उन्हें अपनी श्रद्धांजलि दी और उनके बताए मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।

इस मौके पर सुप्रसिद्ध सोशल वर्कर मोनिका सेठ ने रानी लक्ष्मीबाई के जीवन पर प्रकाश डाला और देश व समाज के लिए उनके द्वारा किए गए कार्य गिनाये। बताया कि रानी लक्ष्मीबाई का जीवन शुरू से ही काफी कष्ट में बीता। बचपन में ही उनके सिर से मां का साया उठ गया था। इसके अलावा देश की आजादी के लिए उन्हें अपने पति, पिता व पुत्र का भी बलिदान देना पड़ा। उन्होंने जीवन में कभी भी सिर पर मुकुट धारण नहीं किया। जीवन भर वे देश को आजाद कराने के लिए लगी रही और अपना सब कुछ इस देश की खातिर न्यौछावर कर दिया, जिससे सभी को प्रेरणा लेनी चाहिए। अंत में सभी ने उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखा।

जिलाधिकारी ने रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के संबंध में की बैठक दिए निर्देश

बेटियों को सुरक्षा ,शिक्षा ,स्वास्थ्य, शासकीय योजनाओं के प्रति किया जाए जागरूक

पूर्व के बर्षो में जो बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये गए है उनकी उत्कृष्टता सूची उपलब्ध कराए

रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद के 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत् बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण दिया जायेगा।

युरेशिया संवाददाता

बागपत । समग्र शिक्षा अभियान (मा0) में रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के अन्तर्गत जनपद के 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान किये जाने के संबंध में आज जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने कलेक्ट्रेट सभागार में संबंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए । जिलाधिकारी ने कहा आत्म रक्षा प्रशिक्षण एक जीवन कौशल है जो बालिकाओं में आत्म विश्वास पैदा करने उनको आपने परिवेश के बारे में जागरूक होने एवं किसी भी अत्याशित घटना के बचाव के लिए तैयार रहने मदद करता है। आत्म रक्षा प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को संकट के समय अपनी रक्षा के लिए मनोवैज्ञानिक, बौद्धिक एवं शारीरिक रूप से मजबूत बनना सिखाया जाता है। आत्म रक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम के अन्तर्गत बालिकाओं को विपरीत परिस्थितियों से सामना करने हेतु मानसिक एवं शारीरिक रूप से सशक्त बनाते हुए प्रशिक्षित ट्रेनर्स के माध्यम से मार्शल आर्ट यथा जूडो, ताइक्वांडो, कराटे आदि के माध्यम से उनमें जीवन कौशल का विकास किया जाता है।

जिला विद्यालय निरीक्षक ने बताया कि जनपद में संचालित 19 राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में अध्ययनरत बालिकाओं के आत्मरक्षा प्रशिक्षण प्रदान हेतु अंकन रू0- 15000/- प्रति विद्यालय की दर से कुल अंकन रू0- 285000/- की स्वीकृति प्रदान की गयी है। प्रशिक्षण कराये जाने हेतु दिनांक 20 जुलाई 2024 तक प्रशिक्षकों का चयन किया जाना है। प्रशिक्षण हेतु ऐसे खिलाडियों का चयन किया जायेगा जिसके पास मार्शल आर्ट में ब्लैक बेल्ट योग्यता प्रमाण-पत्र हो। एक प्रशिक्षक अधिकतम् तीन विद्यालयों में उपस्थित होकर प्रशिक्षण कराया जा सकता है। प्रशिक्षक को

तीन माह हेतु अधिकतम 15000/- मानदेय दिया जायेगा। प्रत्येक विद्यालय में प्रशिक्षण 03 माह अगस्त ,सितंबर, अक्टूबर, 2024 तक संचालित किया जायेगा।

जिलाधिकारी ने पुलिस विभाग द्वारा उपस्थित उपाधीक्षक को निर्देशित किया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु चयनित विद्यालयों में अपने प्रतिनिधियों के माध्यम से बालिकाओं को साइबर क्राइम से बचने, असामाजिक तत्वों से बचने, बालिकाओं को हेल्प लाइन नम्बरों-महिला हेल्प लाइन 1090 ,पुलिस हेल्प लाइन112, एम्बुलेंस108 ,साइबर अपराध सहायता 1930,तथा क्षेत्रीय महिला थाना नम्बरों की जानकारी प्रदान की जाऐ तथा पुलिस विभाग के माध्यम से विद्यालयों में प्रेरणात्मक कार्यक्रम भी संचालित कराये जाये। जिलाधिकारी ने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण का माह वार ट्रेनिंग मॉड्यूल / पी0पी0टी0 तैयार कर विद्यालयों को उपलब्ध करायी जाएं और पंपलेट पोस्टर भी जागरूकता के उद्देश्य लगाए जाएं तथा विद्यालय स्तर पर उक्त कार्यक्रम हेतु 02 महिला शिक्षिकाओं को नामित किया जाए, जो बालिकाओं से संवाद स्थापित कर बालिकाओं की मनोवैज्ञानिक एवं सामाजिक संवेदनाओं का पता लगाकर सही दिशा प्रदान करने हेतु परिचर्चा करना तथा किशोरावस्था की स्वास्थ्य सम्बन्धी भी प्रदान करेंगी।

जिलाधिकारी ने जिला क्रीडा अधिकारी, बागपत को निर्देशित किया कि आत्मरक्षा प्रशिक्षण हेतु आवश्यतानुसार इच्छुक महिला प्रशिक्षकोंध् खिलाडियों की सूची जिला विद्यालय निरीक्षक, को उपलब्ध कराऐंगी। जिसके उपरान्त पूर्ण पारदर्शिता के अनुसार जनपदीय समिति द्वारा प्रशिक्षकों का चयन दिनांक 25-06-2024 तक किया जायेगा। सभी चयनित विद्यालयों में निर्धारित समय के अनुसार प्रशिक्षण पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये । इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, धर्मेन्द्र कुमार, जिला विद्यालय निरीक्षक, पुलिस उपाधीक्षक विजय गौतम, सहित आदि उपस्थित रहे।

राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 13 घटकों संबंधित घटक बार जिलाधिकारी की समीक्षा बैठक

ग्राम संगठन के गठन में खराब स्थिति पर जिलाधिकारी ने की नाराजगी व्यक्त

युरेशिया संवाददाता

बागपत । जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने आज कलेक्ट्रेट सभागार में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन की 13 घटकों संबंधित घटक बार संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर आवश्यक निर्देश दिए जिला अधिकारी ने कहा कि राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत जनपद के परिवारों को स्वयं सहायता समूह में सम्मिलित करते हुए उनके सतत आजीविका संवर्धन की दिशा में विभिन्न गतिविधियों से अवश्य जोड़ा जाए जबकि कुछ गतिविधियों में राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अच्छे कार्य न होने पर जिलाधिकारी ने नाराजगी व्यक्त की और उसमें सुधार करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि आजीविका मिशन के सतत कार्यों को सत प्रतिशत किया जाए ग्रामीण विकास विभाग द्वारा अनुमोदित लक्ष्य के सापेक्ष निरंतर कार्य किया जाए प्रमुख घटकों में प्रगति संतोषजनक नहीं होने पर उसमें सुधार करने के निर्देश दिए हैं उन्होंने कहा कि घटक स्वयं सहायता समूह का गठन ,समूह सदस्यों की संख्या ,ग्राम संगठन का गठन ,संकुल स्तरीय संघ का गठन ,स्वयं सहायता समूह का बैंक खाता खोलने की संख्या में स्थिति अत्यंत खराब होने पर नाराजगी व्यक्त की जिसमें वर्ष 2023-24 का लक्ष्य 281 था जिसके सापेक्ष प्राप्ति21 हुई जो मात्र 7: है । 2023-24 में ग्राम संगठन का गठन193 का होना था लेकिन 26 का गठन हुआ जिस पर सुधार करने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी नीरज कुमार श्रीवास्तव, डॉ अजीत कुमार उपयुक्त राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन सहित आदि उपस्थित रहे।

महिला से हजारो की नगदी मोबाइल लूटा

लूट के आरोपीयो को ग्रामीणो ने मारपीट कर पुलिस को सौपा

धर्मपाल सैनी /युरेशिया

रटौल पूर्वी यमुना नहर पर बाईक सवार बदमाशो ने एक महिला से हजारो की नगदी और मोबाइल लूट लिया बाद में रटौल पेट्रोल पम्प के पास महिला ने आरोपीयो को पहचान लिया जहा ग्रामीणो ने उन्हें पकड़ पुलिस को सौप दिया

बागपत निवासी गुलफाम पुत्र वकील जावली गाजियाबाद एक भटटे पर काम करता है वह मगंलवार को भटटे से ईद मनाकर बागपत अपनी पत्नी को बच्चे के साथ जा रहा था जब वह पूर्वी यमुना नहर पर रटौल मुबारिकपुर के बीच पहुंचा तो उसकी बाईक बंद हो गयी जिसका मोबीआयल खत्म हो गया था वह पत्नी गुलिस्ता और बच्चे को पेड़ के नीचे बैठा तेल लेने रटौल चला गया तभी बाईक सवार तीन युवक वहा पहुचें और महिला से मोबाइल और तीन हजार रूपये लूट फरार हो गये गुलफाम जब वहा पहुंचा तो पत्नी ने लूट की की जानकारी दी गुलफाम महिला को बाईक पर बैठा लूट के आरोपीयो की तलाश मे निकल गया जब वह रटौल पेट्रोल पम्प के पास पहुंचा तो महिला ने वहा खड़े आरोपीयो को पहचान लिया जहा लोगो ने घेराबंदी कर दो आरोपीयो को पकड़ लिया जबकि एक आरोपी भागने मे सफल हो गया लोगो की सूचना पर पहुंची पुलिस ने दो आरोपीयो को पकड़ अपने साथ ले गयी जहा उनसे पूछताछ जारी है।

नारी के लिए सुसंस्कार ही परम आभूषण- डॉ शश्या तोमर

शिविर मे वीरांगनाओं ने दिखाया तलवारबाजी का जौहर।

नीलकंठ /युरेशिया

बड़ौत। नगर के जिला आर्य प्रतिनिधि सभा जनपद बागपत के तत्वावधान में चौधरी केहर सिंह दिव्य पब्लिक स्कूल में चल रहे आर्य वीरांगना योग एवं चरित्र निर्माण आवासीय शिविर के छठे दिन शिक्षिका सुमेधा आर्या ने बेटियों को सूर्य नमस्कार ,भूमि नमस्कार, प्राणायाम, भाला एवं तलवार का अभ्यास कराते हुए व्यक्तित्व विकास का पाठ पढ़ाया। डॉ शश्या तोमर ने बेटियों से कहा नारी के लिए सुसंस्कार ही सौन्दर्य होता है। संस्कारों से पूर्ण होना ही नारी के आभूषण होते हैं। वर्तमान समय में बेटियों को बनावटी सौन्दर्य की अपेक्षा अच्छी विचारधारा का संग्रह करना चाहिए। अच्छे विचारों के द्वारा ही आप अपना लक्ष्य आसानी से प्राप्त कर सकती हैं।

रवि शास्त्री ने कहा जिस प्रकार से व्यक्ति शरीर को चलाने के लिए भोजन करता है। ठीक उसी प्रकार से हमें मन की शांति के लिए प्रतिदिन ध्यान का अभ्यास करना चाहिए। ऐसा करने से हम शांति के साथ अपने जीवन के सफर को आगे बढ़ाते हुए लक्ष्य की प्राप्ति तक पहुंच सकेंगे।

इस अवसर पर सविता आर्या, राजेश उज्जवल, मीनाक्षी सिसोदिया,शिखा शास्त्री, ज्योति, कपिल आर्य, धर्मपाल त्यागी, वेद प्रकाश, सुरेश आर्य, रामपाल तोमर आदि उपस्थित रहे।

एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने चलाई तबादला एक्सप्रेस

मनोज कुमार चाहल बने बड़ौत थानाध्याक्ष।

नीलकंठ /युरेशिया

बागपत। बागपत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मंगलवार को जनपद मे विभिन्न थानो के प्रभारियों का तबादला कर दिया जिसमे निरीक्षक संजय कुमार को बड़ौत कोतवाली से अपराध शाखा भेजा गया । निरीक्षक मनोज कुमार चाहल को सर्विलांस सेल से थानाध्यक्ष बड़ौत बनाया गया । निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह को थाना बिनौली से थाना अध्यक्ष रमाला बनाया गया । उप निरीक्षक शिवदत्त को थाना अध्यक्ष रमाला से थाना अध्यक्ष रमाला से थाना अध्यक्ष सिंघावली अहीर बनाया गया । निरीक्षक मगनवीर सिंह गिल को थाना सिंघावली अहीर से थाना अध्यक्ष बिनौली बनाया गया ।उपनिरीक्षक संजय कुमार को सर्विलांस सेल से थाना अध्यक्ष चांदीनगर बनाया गया । निरीक्षक राजेंद्र सिंह को थाना चांदीनगर से अपराध शाखा भेजा गया ।निरीक्षक दीक्षित कुमार त्यागी को अपराध शाखा से थाना अध्यक्ष बागपत बनाया गया । निरीक्षक राजेश कुमार शर्मा थाना अध्यक्ष बागपत को प्रभारी सर्विलांस सेल बागपत में भेजा गया । श्रीमती मनु सक्सेना को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना से महिला थाना भेजा गया ।

एसपी अर्पित विजयवर्गीय ने चलाई तबादला एक्सप्रेस

मनोज कुमार चाहल बने बड़ौत थानाध्याक्ष।

नीलकंठ/युरेशिया।

बागपत। बागपत पुलिस अधीक्षक अर्पित विजयवर्गीय ने मंगलवार को जनपद मे विभिन्न थानो के प्रभारियों का तबादला कर दिया जिसमे निरीक्षक संजय कुमार को बड़ौत कोतवाली से अपराध शाखा भेजा गया । निरीक्षक मनोज कुमार चाहल को सर्विलांस सेल से थानाध्यक्ष बड़ौत बनाया गया । निरीक्षक महेंद्र पाल सिंह को थाना बिनौली से थाना अध्यक्ष रमाला बनाया गया । उप निरीक्षक शिवदत्त को थाना अध्यक्ष रमाला से थाना अध्यक्ष सिंघावली अहीर बनाया गया । निरीक्षक मगनवीर सिंह गिल को थाना सिंघावली अहीर से थाना अध्यक्ष बिनौली बनाया गया ।

उपनिरीक्षक संजय कुमार को सर्विलांस सेल से थाना अध्यक्ष चांदीनगर बनाया गया । निरीक्षक राजेंद्र सिंह को थाना चांदीनगर से अपराध शाखा भेजा गया ।

निरीक्षक दीक्षित कुमार त्यागी को अपराध शाखा से थाना अध्यक्ष बागपत बनाया गया । निरीक्षक राजेश कुमार शर्मा थाना अध्यक्ष बागपत को प्रभारी सर्विलांस सेल बागपत में भेजा गया । श्रीमती मनु सक्सेना को प्रभारी निरीक्षक महिला थाना से महिला थाना भेजा गया ।

तहसील से जुड़े राजस्व कार्यों में ना हो कोई लापरवाही

युरेशिया संवाददाता

हिट एंड रंग के केसों का किया जाए निस्तारण

बागपत जिलाधिकारी जितेंद्र प्रताप सिंह ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक की उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए की विरासत समय से दर्ज होनी चाहिए मृत्यु प्रमाण पत्र बनने में समय ना लगे उन्होंने निर्देश दिए कि घर के मुखिया की मृत्यु हो जाती है तो उसके प्रमाण पत्र के लिए संबंधित सूचना का परफॉर्मा किसी घर के महत्वपूर्ण व्यक्ति को अवश्य उपलब्ध करा दिया जाए जिससे कि वह समय अंतर्गत अपना आवेदन कर सके और अपना नाम दर्ज कर सके जिससे भी योजना से संबंधित है उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि निवेश मित्र पर कोई भी आवेदन लंबित नहीं रहना चाहिए जिन अधिकारियों के जो आवेदन लंबित हैं उनमें तत्काल निस्तारित किया जाए उन्होंने हिट एंड रन के केसों का निस्तारण करने के निर्देश दिए।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी पंकज वर्मा समस्त एसडीएम आदि उपस्थित रहे।

अज्ञात शव मिलने से मचा हडकम्प

मीरापुर। देर रात रामराज पुलिस को जमालपुर मार्ग पर एक ट्यूबवेल के किनट एक अज्ञात शव मिलने से हडकम्प मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रामराज थाना क्षेत्र के गांव जमालपुर मार्ग पर गुप्ता कृषि फार्म स्थित है। इस कृषि फार्म को मीरापुर निवासी अमीर आजम पुत्र अब्दुल गनी ने ठेके पर ले रखा है। देर रात अमीर आजम ने पुलिस को सूचना दी कि ट्यूबवेल के समीप एक व्यक्ति का शव पड़ा हुआ है। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुची और शव की शिनाख्त कराने का प्रयास किया लेकिन शव की शिनाख्त नही हो पाई। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना प्रभारी दीपक चौधरी ने बताया कि मृतक की शिनाख्त की जा रही है पोस्टमार्टम की रिपोर्ट आने के बाद ही युवक की मौत के कारण का पता चल सकेगा।

संपादकीय

पानी के सुलगते सवाल संकट पर संवेदनशीलता दिखाएं राजनेता

संजय त्यागी 'महादेव'

कैसी विडंबना है कि देश की राजधानी में राज्य सरकार की मंत्री को पड़ोसी राज्य हरियाणा से आग बरसाती गर्मी के बीच गुहार लगानी पड़ रही है कि मानवता के आधार पर दिल्ली को अधिक पानी दें। भारतीय जीवन-दर्शन में जरूरतमंद को पानी पिलाना पुण्य माना जाता रहा है। वक्त के साथ ही इस संकट पर संवेदनहीनता सरकार और लोगों के स्तर पर नजर आ रही है। दिल्ली का जल संकट कोई पहली बार सामने नहीं आया। यह तंत्र की काहिली और राजनीतिक नेतृत्व की नाकामी का ही नमूना है कि झुलसाती गर्मी में वे लोगों को पानी उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं। समाज का संपन्न वर्ग तो किसी तरह पानी का जुगाड़ कर ही लेता है, लेकिन गरीब व निम्न मध्यवर्गीय लोगों को इस संकट से ज्यादा दो-चार होना पड़ता है। शर्मनाक यह है कि पक्ष व विपक्ष द्वारा जल संकट का समाधान करने के बजाय घड़े फोड़कर राजनीतिक लाभ लेने की कुचेष्टा हो रही है। यह समय घड़े फोड़ने का तो नहीं है, क्यों नहीं सभी राजनीतिक दल संकटकाल जैसी चुनौती महसूस करते हुए प्यासे लोगों के घड़े पानी से भरने का प्रयास करते? नीति-नियंताओं को इस जल संकट को आने वाले कल के बड़े संकट का ट्रेलर मानकर चलना चाहिए। बंगलुरू के भयावह जल संकट की बात पुरानी नहीं है। देश के कई अन्य भागों में जल संकट की आहट साफदेखी जा रही है। दरअसल, कथित आधुनिकता के नाम पर पानी का विलासिता से दुरुपयोग किया गया। उसी दिल्ली में कहीं स्वीमिंग पुल खुले हैं, कहीं कारें धोई जा रही हैं, कहीं लॉन सींचे जा रहे हैं तो कहीं एक पानी के टैंकर में कई-कई पाइप डालकर पीने का पानी जुटाने के लिये मारामारी चल रही है। ऐसे संकट के समय तो दुश्मन भी पसीज जाते हैं, फिर किस बात की राजनीति?

बहरहाल, यह हमारे नीति-नियंताओं की नाकामी की पराकाष्ठा ही है कि हम अपने नागरिकों को पानी जैसी मूलभूत सुविधा नहीं दे पा रहे हैं। हमारी नीतियां चांद पर पानी तलाशने की रही हैं मगर हर घर जल नहीं मिल रहा है। सवाल उन राजनेताओं पर भी है जो वोट की राजनीति के लिये आये दिन बिजली-पानी मुफ्त देने की घोषणा करते रहते हैं और मुफ्त पानी दे भी रहे हैं। निश्चित रूप से व्यवस्थित व कारगर जलापूर्ति के लिये मुफ्त की नीति घातक होती है। बेहतर होता कि पानी मुफ्त देने के बजाय गुणवत्ता का पर्याप्त पानी देने के लिये योजना बनती। वॉटर रिसाइक्लिंग और ग्राउंड वॉटर रिचार्ज के लिये योजना बनती। काश! यमुना को साफकरने की ईमानदार कोशिश होती। यदि ऐसा होता तो दिल्ली के लोगों को पानी के लिये आंसू न बहाने पड़ते। सवाल जनता की जवाबदेही का भी है जो पानी के दुरुपयोग व सदुपयोग पर विचार नहीं करती। हम सार्वजनिक जल के बर्बाद होने पर खामोश क्यों रहते हैं? यदि पानी का विलासिता से उपयोग होता है तो किसी के हिस्से के पानी का हम दुरुपयोग कर रहे होते हैं। जनता क्यों आवाज नहीं उठाती कि हमारी जीवनदायिनी नदियों को किसने गंदे नाले में तब्दील कर दिया।

विंक स्टूडियो के कलाकारों के गाने विंक म्यूजिक पर 1.7 बिलियन स्ट्रीम को किया पार

मेरठ। डाउनलोड और दैनिक सक्रिय उपयोगकर्ताओं के मामले में भारत के नंबर वन म्यूजिक स्ट्रीमिंग ऐप, विंक म्यूजिक- नये उभरते संगीत कलाकारों के लिए अपने गानों को देश भर के दर्शकों तक पहुँचाने के लिए लॉन्च पैड, ने विंक स्टूडियो के स्वतंत्र कलाकारों के गानों के लिए 1.7 बिलियन स्ट्रीम की एक प्रभावशाली इंडस्ट्री-अग्रणी उपलब्धि हासिल की है। इन गानों ने, उल्लेखनीय रूप से, विंक स्टूडियो के लॉन्च के दो साल के भीतर इस मील के पत्थर को पार कर लिया है, जो संगीत को बढ़ावा देने और प्रतिभाशाली और उभरते कलाकारों का समर्थन करने के लिए विंक की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

भारती एयरटेल के मुख्य मार्केटिंग अधिकारी, अमित त्रिपाठी ने कहा, ष्हमने उभरते कलाकारों को, अपने संगीत से कमाई करने के लिए एक प्लेटफॉर्म देने के लिए विंक स्टूडियो को लॉन्च किया साथ ही, हमने अपने ग्राहकों को एक विशाल संगीत की लाइब्रेरी भी उपलब्ध कराई। इन गानों के लिए 1.7 मिलियन स्ट्रीम यह दिखाता हैं कि हमारे ग्राहक इस संगीत का कितना आनंद ले रहे हैं जबकि हम इससे कलाकार की मदद कर पा रहे हैं। दो साल से भी कम समय में, विंक स्टूडियो इतना लोकप्रिय हो गया है कि हम देश भर से कलाकारों को साइन कर रहे हैं, जबकि हम विंक पर भाषा विविधता को भी बढ़ावा देते हैं। हम विविधता लाने और अधिक कलाकारों को संगीत में सफल कैरियर बनाने में सक्षम बनाने का वादा करते हैं।'

देश में संगीत प्रतिभाओं को पहचानने और कलाकारों को संगीत उद्योग में स्थायी करियर बनाने में सक्षम बनाने के उद्देश्य से विंक स्टूडियो की शुरुआत की गई थी। अपनी तरह के पहले कलाकार विकास मंच - विंक स्टूडियो - ने व्यक्तिगत सलाह, व्यापक वितरण और मुद्रीकरण के अवसरों के माध्यम से भारत में कलाकारों को आगे बढ़ाने में क्रांति ला दी है। विंक स्टूडियो, कलाकारों को अन्य संगीत लेबलों के साथ जुड़ने, वेब सीरीज के बैकग्राउंड स्कोर, ओटीटी, लाइव इवेंट और इस तरह के अन्य अवसरों सहित कई अवसर प्रदान करता है।

विंक म्यूजिक इन कलाकारों के गानों के साथ विशेष प्लेलिस्ट तैयार करता है ताकि इसकी खोज और परिणामस्वरूप स्ट्रीम को बढ़ावा मिले। विंक की विशाल ग्राहक संख्या कलाकारों को अपनी पहुँच बढ़ाने और अपने गानों से आसानी से मुद्रीकरण करने में मदद करता है ताकि वे सफल कैरियर बना सकें। इससे देश भर के स्वतंत्र कलाकारों की संख्या में वृद्धि हुई है जो प्लेटफॉर्म से जुड़ रहे हैं और अपने संगीत के लिए बड़ी संख्या में दर्शक पा रहे

विद्युत आपूर्ति ठप होने के कारण ग्रामीणो ने बिजलीघर पर किया हंगामा

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। ग्राम रसूलपुर गढी में 24 घंटो से विद्युत आपूर्ति सुचारू न होने के कारण ग्रामीणो ने बिजलीघर पर एकत्र होकर हंगामा किया। इस दौरान जेई महिपाल सिंह द्वारा समस्या के जल्द ही समाधान का आश्वासन दिया गया।

मीरापुर क्षेत्र के गांव रसुलपुर गढ़ी के ग्रामीणों का आरोप हैं पूरे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के 24 घंटे विद्युत आपूर्ति के आदेश हैं। इसके बावजूद भी मीरापुर बिजलीघर द्वारा गांव की आपूर्ति पिछले 24 घंटो से नही की जा रही है। भीषण गर्मी व ईद का त्योहार होने के कारण ग्रामीणो का गुस्सा फूट पडा और ग्रामीण एकत्र होकर बिजलघर पर पहुंच गये जहां उन्होने जमकर हंगामा किया। ग्रामीणो का आरोप है कि 24 घण्टे से बिजली गायब पड़ी हुई है जिसकी वजह से ग्रामीण काफी परेशान हे जिसके समाधान के लिए मीरापुर क्षेत्र के बिजलीघर पर तैनात जेई का फोन करते हैं तो उनका फोन नही उठ पाता है। विद्युत आपूर्ति की समस्या के समाधान के लिए मंगलवार को गांव के प्रधान अख्तर, पूर्व प्रधान सट्टल, शादाब राजपूत, जान मौहम्मद, सुरेंद्र, गयूर, अकरम, नईम, गुलशेर, आलिम, फरमान आदि ग्रामीणों ने बिजली की समस्या के समाधान के लिए मीरापुर बिजली घर पर जमकर हंगामा किया और बिजली विभाग के उच्च अधिकारियों से समाधान कराए जाने की मांग की। जे.ई. महिपाल सिंह ने बताया कि ग्राम रसूलपुर गढी में विद्युत सप्लाई कस्बे के योगमाया मंदिर पर लगे 400 केवी के ट्रांस्फार्मर से है जो ओवरलोड चल रहा है। लोड कम करने के लिए गांव में 400 केवी नया ट्रांस्फार्मर लगवाया जा रहा था जिसका ग्रामीण विरोध कर रहे हैं। ग्रामीणो के विरोध के चलते नया ट्रांस्फार्मर नही लगाया जा सका है जिस कारण विद्युत आपूर्ति में समस्या हो रही है। जल्द ही नया ट्रांस्फार्मर लगाकर गांव की विद्युत आपूर्ति सुचारू कर दी जायेगी।

10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024-स्वयं व समाज के लिए योग-हर घर योग

भारत एक बार फिर योग गुरु व विश्व गुरु की भूमिका में दिखाई दिया-प्रतिष्ठा में चार चांद लगे

एड किशन भवानी
कर विशेषज्ञ

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियां को अब विश्वास हो गया है कि भारत जो रणनीति बनाकर पूरी दुनियां में क्रियान्वयन करता है तो उसकी सफलता केदूरगामी परिणामों से सफलता के झंडे गढ़ जाते हैं,जिसकी उम्मीद कोई विकसितदेश भी नहीं कर सकता जिसका सटीक उदाहरण अंतरिक्ष के दक्षिणी ध्रुव में यान,भारत का मोटा अनाज यानें अन्नश्री व योग के अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सकारात्मक परिणाम दिखे हैं।हम अगरपिछले 4 महीनों से देखें तो, अंतरराष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024 की युद्ध स्तरपर तैयारीयां चल रही थी बैक टू हंड्रेड डेस, बैकटू 50 डेस की रणनीति से पूरे देश में गतिविधियां हो रही थी। अभी पिघले 10 दिनों से माननीय पीएम भी रोज उष्ट्रासन, भद्रासन, अर्ध चक्रासन, पादहस्त आसान, त्रिकोणासन, ताड़ासन, वृक्षासन सहित अनेक योगासन के वीडियो मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर रोज साझा कर रहे हैं, जो यह साबित करता है कि आम से खास व्यक्तियों में योग दिवस का कितना उत्साह देखा जा सकता है।वैसे योग दिवस पर सोने पर सुहागा यह भी है कि उस दिन अंतरराष्ट्रीय संगीत दिवस भी मनाया जाता है, यानें योग और संगीत का अनोखा योगदान मानवीय स्वास्थ्य को सकारात्मक लाभ पहुंचता है,क्योंकि आज हम देख रहे हैं कि संगीत पर योग का प्रचलन काफी बढ़ गया है, अलग-अलग म्यूजिक बजाकर योग किया जाता है, यानेंआधुनिक डिजिटल युग का प्राचीन योग प्रणाली को आधुनिक संगीत एक और एक मिलकर ग्यारह बन गए हैं और पूरे विश्व को स्वास्थ्य लाभ पहुंचा रहे हैं, जो न केवल भारत के हर गांव से लेकर शहर और मेट्रोसिटी तक गूंज रहा है, बल्कि करीब करीब 190 से अधिक देशों में इसकी झंकार सुनाई दे रही है। चूंकि भारत एक बार फिर योगगुरु व विश्वगुरु की भूमिका में दिखाई दे रहा है, इसीलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, योग दिवस 21 जून 2024 का धरती से लेकर आसमान तक व देश से विदेश तक डंका बज रहा है,योग व संगीत दिवस का अभूतपूर्व संगम, तथा स्वयं व समाज के लिए योग, हर घर योग।

साथियों बात अगर हम 21 जून 2024 को भारत में योग दिवस मनाने की करें तो,पीएम 21 जून को श्रीनगर में 10 वें अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस समारोह में रहेंगे। इस वर्ष अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस का विषय है- स्वयं और समाज के लिए योग। केंद्रीय आयुषमंत्री कहा कि इस वर्ष का विषय- व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका के महत्व को दर्शाता है। हाल के वर्षों में लाखों लोगों की उत्साहपूर्ण भागीदारी से समुदायों पर योग के गहरे प्रभाव का पता चलता है।इस अवसर पर, दृष्टिबाधित लोगों की सुविधा के लिए ब्रेल लिपि में एक सामान्य योग प्रोटोकॉल पुस्तक का विमोचन किया। उन्होंने योग पर प्रोफेसर आयुष्मान कॉमिक का लोकार्पण भी किया। यह पुस्तक बच्चों को रुचि और मनोरंजन के साथ योग सीखने और अभ्यास करने में मदद करेगी।एक विशेष पहल के रूप में, इस वर्ष भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन-इसरो अंतरराष्?ट्रीय योग दिवस पर एक अनूठी पहल अंतरिक्ष के लिए योग का आयोजन कर रहा है। इसरो के सभी वैज्ञानिक और अधिकारी सामान्य योग प्रोटोकॉल दिशानिर्देशों के अनुसार एक साथ योग करेंगे। गगनयान मिशन के सदस्य भी योगाभ्यास करके अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के वैश्विक अभियान में शामिल होंगे।योग के क्षेत्र में प्रौद्योगिकी और स्टार्ट-अप को बढ़ावा देने के लिए आयुष मंत्रालय ने माई गॉव पोर्टल और माई भारत पोर्टल पर योगा टेक चौलेंज शुरू किया है।केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि इस वर्ष का विषय स्वयं और समाज के लिए योग व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका को परिलक्षित करता है।उन्होंने कहा,योग शारीरिक मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथसाथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है।

साथियों बात अगर हम योग दिवस के उद्देश्यों और महत्व की करें तो, इसका उद्देश्य योग अभ्यास के असंख्य लाभों के बारे में वैश्विक जागरूकता पैदा करना है।प्रस्ताव में व्यक्तियों और समुदायों द्वारा स्वस्थ विकल्प चुनने तथा अच्छे स्वास्थ्य को बढ़ावा देने वाली जीवनशैली अपनाने के महत्व को स्वीकार किया गया है।इसके अनुरूप, विश्व स्वास्थ्य संगठन ने सदस्य देशों से अपने नागरिकों को शारीरिक निष्क्रियता कम करने के लिए प्रोत्साहित करनेका आग्रह कियाहै, जो दुनिया भर में मृत्यु का एक प्रमुख कारण है और हृदय संबंधी बीमारियों, कैंसर और मधुमेह जैसी गैर-संचारी बीमारियों के लिए एक प्रमुख जोखिम कारक है हालांकि योग में सिर्फशारीरिक गतिविधि ही शामिल नहीं है। जैसा कि प्रसिद्ध योगा भ्यासकर्ता स्वर्गीय बी.के.एस. अयंगर ने कहा था, योग रोजमर्रा की जिंदगी में संतुलित मानसिकता विकसित करता है और काम करने में कुशलता बढ़ाता है। इसके अनेक लाभों के बारे में जागरूकता बढ़ाने का एक तरीका है।योग मन और शरीर का एक अभ्यास है जिसका शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ता है।यह तनाव को कम करने, लचीलेपन में सुधार करने और ताकत बढ़ाने में मदद कर सकता है। यह दुनिया भर में योग के अभ्यास को बढ़ावा देने का एक तरीका है।योग एक सार्वभौमिक अभ्यास है जिसका आनंद सभी आयु और क्षमताओं के लोग उठा सकते हैं।यह आपके शरीर और मन से जुड़ने तथा आपके समग्र स्वास्थ्य को बेहतर बनाने का एक शानदार तरीका है। यह भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का जश्न मनाने का एक तरीका है।योग की उत्पत्ति हजारों वर्ष पहले भारत में हुई थी और यह आज भी भारतीय संस्कृति का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है।अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस इस परंपरा का सम्मान करने और इसे दुनिया के साथ साझा करने का एक तरीका है। यह शांति और सद्भाव को बढ़ावा देने का एक तरीका है।योग एक अभ्यास है जो हमें वर्तमान क्षण पर ध्यान केंद्रित करना और तनाव एवं नकारात्मकता को दूर करना सिखाता है।यह हमें अपने भीतर से जुड़ने तथा अपने जीवन में शांति और सद्भाव पाने में मदद कर सकता है।केंद्रीय आयुष राज्य मंत्री ने इस बात पर बल दिया है कि इस वर्ष का विषय स्वयं और समाज के लिए योग व्यक्तिगत और सामाजिक कल्याण को बढ़ावा देने में योग की दोहरी भूमिका को परिलक्षित करता है।उन्होंने कहा,योग शारीरिक,

योग दिवस 21 जून 2024 का धरती से लेकर आसमान तक व देश से विदेश तक डंका बजा-योग व संगीत दिवस का अभूतपूर्व संगम

मानसिक और आध्यात्मिक विकास के साथ-साथ सामाजिक सद्भाव को भी बढ़ावा देता है।हाल के वर्षों में लाखों लोगों की उत्साही भागीदारी जन-समुदायों पर योग के गहन प्रभाव को दर्शाती है।उन्होंने यह भी घोषणा की कि पीएम ने प्रत्येक ग्राम प्रधान को पत्र लिखकर जमीनी स्तर पर भागीदारी और ग्रामीण क्षेत्रों में योग के प्रसार को प्रोत्साहित किया है। इस वर्ष अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस का मुख्य समारोह श्रीनगर में आयोजित किया जा रहा है। समारोह की अध्यक्षता एक बार फिर पीएम करेंगे।

साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा 10 दिन पूर्व से ही योग दिवस की सक्रियता की करें तो उन्होंने सभी देशवासियों से योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने का आग्रह किया है। उन्होंने यह भी कहा कि योग से हमें असीम शांति प्राप्?त होती है, जिससे हम जीवन की चुनौतियों का सामना शांति और धैर्य के साथ कर सकते हैं।आने वाले योग दिवस को ध्?यान में रखते हुए वीडियो का एक सेट भी साझा किया, जो विभिन्न आसनों और उनके लाभों के बारे में हमारा मार्गदर्शन करता है। पीएम ने एक्स पोस्ट की एक श्रृंखला में कहायअब से दस दिन बाद, दुनिया 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एकता और सद्भाव का समारोह मनाने वाली एक शाश्वत पद्धति है। योग ने सांस्कृतिक और भौगोलिक सीमाओं को पार कर लिया है और इसने समग्र कल्याण की तलाश में विश्व के लाखों लोगों को एकजुट किया है।इस वर्ष के योग दिवस के नजदीक आते ही, योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना जरूरी है। योग से हमें असीम शांति प्राप्त होती है, जिससे हम जीवन की चुनौतियों का सामना शांति और धैर्य के साथ कर सकते हैं।योग दिवस नजदीक आ रहा है, इसलिए मैं कुछ वीडियो शेयर कर रहा हूँ, जो विभिन्न आसनों और उनके लाभों के बारे में मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। मैं आशा करता हूं कि यह आप सभी को नियमित रूप से योग का अभ्यास करने के लिए प्रेरित करेगा।

साथियों बात अगर हम इस वर्ष से अंतर्राष्ट्रीय योग पुरस्कार2024 की शुरुआत की करें तो,आयुष राज्य मंत्री ने प्रेस वार्ता को संबोधित किया इस साल का प्रमुख कार्यक्रम श्रीनगर में होगा ब्रायन लिपि में सामान्य योग प्रोटोकॉल बुक को लांच किया गया दो संगठन भारतीय लोगों को और दो पुरस्कार विदेशी संस्थाओं को पुरस्कार दिया जाएगा अंतर्राष्ट्रीय योग पुरस्कार 2024 की शुरुआत हो रही है।

साथियों बात अगर हम अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के इतिहास की करें तो, इस प्रस्ताव को व्यापक समर्थन मिला। 11 दिसंबर, 2014 को संयुक्त राष्ट्र महासभा ने संकल्प 69ध्131 को अपनाया जिसके तहत 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस घोषित किया गया। पहला अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून, 2015 को मनाया गया था, जिसमें 190 से ज्यादा देशों में कार्यक्रम आयोजित किए गए थे। तब से, अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस एक वार्षिक कार्यक्रम बन गया है जिसे दुनियां भर के लोग मनाते हैं।

अतः अगर हम उपरोक्तपूरेविवरण का अध्ययन कर इसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2024-स्वयं व समाज के लिए योग-हर घर योग।भारत एक बार फिर योग गुरु व विश्व गुरु की भूमिका में दिखाई दिया-प्रतिष्ठा में चार चांद लगे।योग दिवस 21 जून 2024 का धरती से लेकर आसमान तक व देश से विदेश तक डंका-योग व संगीत दिवस का अभूतपूर्व संगम।

बात-बेबात, घात-प्रतिघात और सत्ता आत्मसात

तिरछी नजर

प्रदीप मिश्र

जयंतियों और पुण्यतिथियों पर अनुभव बाबू महापुरुषों के पदचिह्नों पर चलने का आह्वान करते हैं। कहते हैं कि महापुरुष चाहे पौराणिक हों या ऐतिहासिक, वे पूजनीय हैं। आदरणीय और स्मरणीय हैं। ये परिव्राजक पुण्यात्माएं रमणीय भी हैं। वे देखती रहती हैं कि उनके मंतव्य को कितनी श्रद्धा, विश्वास और आत्मविश्वास के साथ पूरा करने का प्रयत्न किया जा रहा है। बोलना उनकी पुरानी आदत है। चुप्पी से उनकी अदावत है। बोलते जरूर हैं। अपने और दूसरों के राज खोलते जरूर हैं। उनके पास फर्जी और मर्जी का खजाना भरपूर है। दिल से दिमाग दिल्ली जितना ही दूर है।

जब दिवस विशेष आता है। अनुभव बाबू का मन हर्षाता है। वह बात करते हैं। बेबात घात-प्रतिघात करते हैं। चाहते हैं कि हर बात को आत्मसात किया जाए। आखिरकार, जीवन की सार्थकता और अगली पीढ़ी की प्रगति के लिए पथ प्रशस्त करना सबकी जिम्मेदारी है। सब उन्हें ध्यान से सुनते हैं। कुछ ही देर के लिए, उन्हीं जैसे सपने बुनते हैं। दिक्कत यह कि अनुभव बाबू आत्मप्रशंसा के प्रवाह में न तो पुरखों के पदचिह्न बताते हैं और न ही मार्ग दिखाते हैं। पता करना पड़ता है कि महापुरुष क्यों विख्यात थे। हालांकि दिन विशेष तो उन्हें भी पहले से ज्ञात थे।धीरे-धीरे सब जानने लगे कि उन्हें बताया जा रहा मार्ग दुष्कर और दुरुह है। सुलभ न्याय, संस्कार और समरसता के लिए जीवन समर्पित करने वालों के आदर्श को किस सीमा तक आत्मसात किया जाए। स्वतंत्रता, संप्रभुता, अस्पृश्यता, विषमता, विपन्नता, स्वास्थ्य सुरक्षा और स्वच्छता को कैसे समझा जाए। सामूहिकता, संपन्नता, कुटिलता, धृष्टता, दुष्टता और कटुता से किस तरह निपटा जाए। सोचो, हर बात को आत्मसात करने का सुफल प्राप्त नहीं होने पर पदचिह्न कैसे बनेंगे। हर शपथ को कर्तव्य पथ पर आत्मसात नहीं किया जा सकता। जागते हुए सोने और सक्षम के अक्षम को ढोने का पाप नहीं किया जा सकता।

अनुभव बाबू ने इस मानसिकता को समझ लिया है। इसलिए एक और जिम्मेदारी का बोझ लिया है। कह दिया है कि बेबात घात, आघात, प्रतिघात, भितरघात और विश्वासघात करिए। विपरीत हालात में बात न बने तो आयात-निर्यात करिए। ज्यादा जरूरी है, जो बता रहे हैं उसे हर हाल आत्मसात करिए। हमारे आक्रोश से मानिए। अपने जोश से मानिए। रोष से मानिए। खुद को फिर जानिए।

टिकौला मिल द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मीरापुर। ग्राम टिकोला में गन्ने की प्रजाति का जायजा लेने व क्षेत्र के किसानो सम्पर्क करने के लिए मिल अधिकारियों द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन किया गया। गोष्ठी में किसानो को गन्ने की प्रजाति, कीटनाशक दवाईयों व अन्य समस्याओं के समाधान की जानकारी दी गई।

रामराज क्षेत्र के ग्राम टिकोला में टिकोला मिल अधिकारियों की एक गोष्ठी का आयोजन पूर्व प्रधान नाहर सिंह के आवास पर हुआ। बैठक में टिकोला मिल के अधिशासी अधिकारी एम.सी. शर्मा मैं किसानों को बताया कि इस वर्ष वर्षा न होने के कारण व भीषण गर्मी पड़ने के बावजूद भी किसानो की मेहनत के कारण गन्ने की फसल अच्छी व निरोगी दिखाई दे रही है। उन्होंने कहा कि अगर गन्ने से संबंधित किसी भी तरह की कोई समस्या किसानों को होती है तो मिल से संपर्क कर सकते हैं। मिल कर्मचारियों द्वारा किसानो की समस्यों का तुरंत समाधान किया जाएगा। चौधरी नाहर सिंह एडवोकेट ने बताया कि मिल प्रबंधन समिति द्वारा समय-समय पर विचार गोष्ठी का आयोजन किसानों को जागरूक करने के लिए किया जाता है। गोष्ठी में किसानों को गाने से संबंधित कीटनाशक दवाइयों, गन्ने अच्छी प्रजाति आदि की जानकारी दी जाती है जिस कारण किसान लाभान्वित होते हैं। उन्होंने मिल प्रबंधन समिति द्वारा किसान गोष्ठी का आयोजन करने के लिए मिल कर्मचारियों का धन्यवाद किया। गोष्ठी में एमसी शर्मा, गन्ना प्रबंधक अनुसार, नरसिंह एडवोकेट, वेदर जानू ग्रामीण अनुपस्थित रहे।

जिला पंचायत अध्यक्ष ने किया गौशाला का औचक निरीक्षण

डां वीरपाल निर्वाल ने कर्मचारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश।

जानसठ तहसील मुख्यालय के सामने स्थित गौ आश्रय केंद्र एवं गांव खाईखेड़ा का मुजफ्फरनगर जिला पंचायत अध्यक्ष ने औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने गायों को चारा और गुड़ आदि खिलाया।

प्राप्त समाचार के अनुसार जानसठ नगर स्थित कांजी हाऊस एवं गांव खाईखेड़ा गौ शाला का भाजपा जिला पंचायत अध्यक्ष डॉक्टर वीरपाल निर्वाल ने पहुंच कर गायों को चारा आदि? खिलाया। वहीं उन्होंने गौ शाला में कार्यरत कर्मचारियों से गायों के हरे चारे और भूसे के रख रखाव की जानकारी ली। वहीं भूसे के गोदाम का भी निरीक्षण करते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इसमें उनके साथ रामकुमार शर्मा जिला संयोजक सांस्कृतिक प्रकोष्ठ, डां वीरपाल सहरावत मंडल अध्यक्ष शुकतीर्थ,

अरुण पाल महामंत्री शुकतीर्थ,

रविंद्र चौधरी ककरौली, नगर पंचायत जानसठ सभासद सुशील कुमार, पूर्व सभासद अनुज सैनी एडवोकेट, राधेलाल खटीक आदि मौजूद रहे।

फेंटेसी वर्ल्ड वाटर पार्क में बैंक प्रबंधक की मौत के मामले में डीएम ने जांच के लिए गठित की कमेटी

डीएम दीपक मीणा ने एडीएम सिटी बृजेश सिंह को सौंपी जांच, गठित की गई कमेटी पार्क में सुविधा और अव्यवस्था की जांच करेगी पहले महिलाओं के साथ हुई छेड़छाड़ के मामले भी जांच में शामिल

युरेशिया संवाददाता

मेरठ।फेंटेसी वर्ल्ड वाटर पार्क में बैंक प्रबंधक मोहित कुमार की मौत के मामले की जांच के लिए डीएम दीपक मीणा ने एडीएम सिटी बृजेश सिंह के नेतृत्व में कमेटी का गठन कर दिया है। डीएम द्वारा गठित की गई कमेटी वाटर पार्क में सुविधा और अव्यवस्था को परखेगी। दरअसल रविवार को दिल्ली स्थित एचडीएफसी बैंक की शाखा में प्रबंधक मोहित कुमार अपने तीन दोस्तों के साथ परतापुर स्थित फैंटेसी वर्ल्ड पार्क आए थे। यहां वह दोस्तों के साथ वाटर पार्क में स्लाइडिंग कर रहे थे। ऊपर से नीचे पानी में आते समय मोहित बेहोश हो गए थे। मोहित के दोस्तों ने पार्क के प्रबंधन से चिकित्सक बुलाने को कहा था। लेकिन वाटर पार्क में चिकित्सक की व्यवस्था नहीं थी। बाद में दोस्त उन्हें अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सकों ने बैंक प्रबंधक को मृत घोषित कर दिया था। वहीं इस मामले में बैंक प्रबंधक मोहित कुमार की मौत की खबर मिलते ही मौके पर पहुंचे परिजनों ने वाटर पार्क प्रबंधन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए वाटर पार्क में सुविधा और अव्यवस्थाओं की जांच करने की मांग की थी। जिसके बाद डीएम दीपक मीणा ने घटना का संज्ञान लिया और एडीएम सिटी बृजेश सिंह को प्रकरण की जांच सौंप दी। एडीएम ने एसीएम ब्रहमपुरी, जिला क्रीड़ा अधिकारी और सीओ ब्रहमपुरी को शामिल करते हुए टीम का गठन किया है।एडीएम सिटी ने बताया कि पिछले दिनों वाटर पार्क में पूर्व में महिलाओं के साथ हुई छेड़छाड़ की घटना की जांच रिपोर्ट भी संबंधित अधिकारी से तलब की गई है। आरोप है कि वॉटर पार्क में तमाम नियमों का उल्लंघन हो रहा है। सूत्रों की मानें तो पानी की सफाई ?तक ठीक से नहीं होती है। जिस कारण लोगों को चर्मरोग सहित अन्य बीमारियां भी यह वॉटर पार्क ?दे रहा है। इसके अलावा सुरक्षा, सफाई आदि की व्यवस्था भी दुरुस्त नहीं है।

एक नजर..

नागल में कई स्थानों पर लगाई गई छबील

मोमीन अली/युरेशिया

नागल। निर्जला एकादशी पर कस्बे में जगह-जगह छबील लगाकर मीठे शरबत का वितरण किया गया। केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा गुरुद्वारा रोड पर लगाई गई छबील पर सैकड़ों राहगीरों ने मीठा शरबत पी राहत की सांस ली, इसके अलावा मेन बाजार, बस स्टैंड, ब्लॉक चौराहा, रेलवे रोड पर व्यापारियों ने छबील लगाकर शरबत वितरित किया। इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के अध्यक्ष संजीव विश्वकर्मा ने कहा कि प्यासे को जल पिलाने से बड़ा कोई पुण्य कर्म नहीं। इस दौरान विपिन हांडा, प्रवीण धवल, विजय शर्मा, हिमांशु चौधरी, संजीव विश्वकर्मा, अमरीश चौधरी, तिलक शर्मा, राजीव, सुमित, लक्ष्मी चंद भगत, गगन अरोड़ा, निखिल, फरीद, अफजल आदि रहे।

बिजली आपूर्ति ठप, किसानो की फसले सुकी

मोमीन अली/युरेशिया

बिहारीगढ़। सुंदरपुर शाकुम्भरी मार्ग के आसपास का क्षेत्र घाड के नाम से मशहूर है जहां पर पानी की समस्या अक्सर बनी रहती है। सरकारी आदेशों के अनुसार क्षेत्र के ग्राम खुशालीपुर कलां में किसानों को सिंचाई के लिए बिजली की सप्लाई प्रातः 7: 00 से लेकर सायं 5: 00 बजे तक निर्धारित की गई है लेकिन स्थानीय किसानों को मात्र दो से तीन घंटे ही बिजली मिलती है। जिसके कारण किसानों की फसले सुकती जा रही हैं। योगेश कंबोज उर्फबबली ब्लॉक अध्यक्ष भा0कि0यू0 टिकैट के नेतृत्व में आज भारतीय किसान यूनियन टिकैट के कार्यकर्ताओं ने बिजली घर पर पहुंच कर जेई राम करण, व एक्शन सुरेंद्र कुमार को अपनी समस्याओं से अवगत कराया और कहा कि हमारी बिजली कटौती की समस्या को जल्द से जल्द हल किया जाए अगर विभाग ऐसा नहीं करता है तो भारतीय किसान यूनियन (टिकैट) बिजली कटौती के खिलाफबड़ा आंदोलन करने के लिए बाध्य होगी। इस अवसर पर बबली कांबोज ब्लॉक अध्यक्ष , राजकुमार राणा, रागिब अली, अंकित सैनी खुशनसीब, बीरम राठौर , अशोक कांबोज, शालिम, सफ्लू, याकूब, मुरसलीन, इस्लाम, मोकम, दानिश, गशीतु आदि लोग मौजूद रहे ।

शमशान घाट का रास्ता अवरुद्ध, क्षेत्रवासी परेशान

मनोज कांबोज/युरेशिया

बिहारीगढ। दिल्ली-देहरादून नेशनल हाईवे पर इन दिनों चौड़ीकरण का कार्य चल रहा है। एन0एच0 अधिकारियों की उदाशिनता के चलते कस्बा वासियों को श्मशान घाट जाने के लिए कोई भी वैकल्पिक रास्ता नहीं दिया गया। कस्बा वासियों को डेड बॉडी को श्मशान घाट ले जाने के लिए सर्विस रोड से होकर शमशान जाना होगा जिससे भविष्य में दुर्घटना होने का भय बना रहेगा। इस दौरान एनएचआई द्वारा शमशान घाट तक पहुंचने वाले रास्ते पर मिट्टी डालकर हाइवे चौड़ा कर दिया गया, कार्यदायी संस्था ने यह भी नहीं देखा कि कस्बा वासी शमशान घाट तक ईंधन और डेड बॉडी को लेकर कैसे पहुंचेगे। पक्की दीवार बनाकर निर्माण कंपनी ने रास्ता ही बंद कर दिया है। जिससे लोगों को भारी परेशानी हो रही है।

समाजसेवी डॉक्टर जगत सिंह बिहारीगढ़ ने बताया कि आज रविवार में किशनगढ़ कॉलोनी में एक युवक पवन कुमार का लंबे समय से बिमारी के चलते निधन हो गया था, अंतिम संस्कार के लिए शमशान घाट तक ईंधन ले जाना मुश्किल था, लोगों ने बड़ी मुश्किल से दोपहर के समय भारी गर्मी में सड़क से ईंधन को उठाकर शमशान घाट तक पहुंचाया। कस्बा वासी कई बार एन एच आई अधिकारियों को परिस्थितियों से अवगत करा चुके हैं। लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो पाया। कस्बे के लोगों ने हाईवे अथॉरिटी ऑफइंडिया से गुहार लगाई है कि उनके यहां शमशान घाट तक पहुंचने की खातिर पहले की तरह सुलभ रास्ता स्थाई रूप से तैयार कराया जाए। ताकि भविष्य में कोई समस्या उत्पन्न न हो ।

दैनिक युरेशिया टीम सहारनपुर मंडल
समाचार, सूचना, विज्ञापन के लिए संपर्क करें।

मोनु कश्यप (जिला प्रभारी)	मो0: 8630402509
प्रदीप धीमान (मण्डल प्रभारी)	मो0: 9997171951
अरविंद चौहान (गंगोह प्रभारी)	मो0: 9759693305
मोनीन (नागल प्रभारी)	मो0: 9639221277
अश्वनी धीमान (नानौता प्रभारी)	मो0: 9720509609
नाथीराम सहल (चिलकाना प्रभारी)	मो0: 6397074075
नादिर (तहसील बेहट प्रभारी)	मो0 9870984665
विकास शर्मा (तहसील नकुड़ प्रभारी)	मो0: 6396576517
शक्ति चौधरी (सरसावा प्रभारी)	मो0: 9719777268
मनोज कंबोज (बिहारीगढ़ प्रभारी)	मो0: 9675196324
सुनील कुमार सैनी (छुटमलपुर प्रभारी)	मो0: 9758712680
परवीन खानम (अंबेहटा पीर रिपोर्टर)	मो0: 8410360786
शौकीन अहमद (मिर्जापुर प्रभारी)	मो0 9720067900

बकराईद पर बिजली कटौती और भीषण गर्मी से लोग परेशान, पीने के पानी को भी तरसे

शेख़ मौ नादिर / युरेशिया

बेहट। विद्युत विभाग के अधिकारी सूबे के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आदेशो की धज्जियां उड़ा रहे है। ईद उल अजहा के त्योहार पर भी कस्बेवासियों को बिजली कटौती से जूझना पड़ रहा है। दो दिन से बिजली की आंख मिचौली से जहां लोग भीषण गर्मी से जूझ रहे है वही पीने के पानी की विकराल समस्या भी बनी हुई है। कस्बेवासी विद्युत विभाग के खिलाफआंदोलन छेड़ने के मूड में है।

दरअसल, प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा प्रदेश भर में बिजली कटौती ना करने के आदेश जारी किए था। प्रदेश को निर्बाध बिजली उपलब्ध कराने पर ऊर्जा मंत्री द्वारा भी बिजली विभाग के अधिकारियों की पीठ थपथपाई गई थी। लेकिन बेहट में स्थित इसके उलट है। सोमवार को देशभर में ईद उल अजहा का त्योहार मनाया गया। त्यौहार के मौके पर भी बिजली कटौती से कस्बे वासी परेशान रहे। सोमवार के बाद मंगलवार को भी स्थिती ज्यों की त्यों रही। कसबे में बिजली कटौती का ये हाल है कि कई कई घंटे बिजली गायब हो रही है।लगातार दूसरे दिन बिजली कटौती के चलते लोग भीषण गर्मी से परेशान है तो वही बकरा ईद के त्योहार पर पीने के पानी तक को तरस रहे है। कस्बेवासियों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्दी ही बिजली की आंख कटौती बंद कर आपूर्ति सुचारू नही की तो वे सूबे के मुख्यमंत्री को शिकायत भेजेंगे और साथ ही आंदोलन का रुख अख्तियार करेंगे। उधर, जब बिजली कटौती के बारे में बेहट बिजलीघर पर तैनात जेई से बात की गई तो उनका कहना था कि बार बार होने वाले फाल्ट के कारण बिजली आपूर्ति बाधित हो रही है। जल्दी ही बिजली आपूर्ति सुचारू करा दी जायेगी।।

अरफा के दिन किया था अल्लाह ने अपना दीन मुकम्मल : मौलाना मुगीशी

शेख़ मौ नादिर / युरेशिया

बेहट। ईद-उल अजहा के मौके पर जामिया रहमत घघरौली की मुगीसी मस्जिद में ईद-उल-अजहा की नमाज अदा की गई। इस मौके पर नमाज के बाद मुस्लिम उम्मा की बेहतरी, देश की तरक्की, और अमन व अमान , इसी तरह मस्जिद ए अक्सा और फलस्तीन की हिफाजत के लिए खुसूसी दुआ भी की गई।

घघरौली स्थित मस्जिद मुगीसी में सुबह साढ़े छह बजे ईद की नमाज अदा की गई। ईद-उल-अजहा के इस मुबारक मौके पर मौलाना डॉ. अब्दुल मालिक मुगीसी ने लोगों से खिताब करते हुए कहा कि जुल-हिज्जा के दस दिनों में किए गए आमाल सबसे ज्यादा सवाब वाले हैं। इन दस दिनों में अल्लाह के घर के लिए हज और उमरा करना भी सबसे सबसे अफजल और पाकीजा अमल है। अल्लाह हम सबको इसकी तौफीक दें। उन्होंने कहा कि इसी अशरे में अरफा का दिन भी आता है और यह वह दिन है जिसमें अल्लाह ने अपना दीन मुकम्मल किया। जब अल्लाह के नबी ने आखिरी हज किया था, जिसे हज्जतुल वदा भी कहा जाता है तो आपने एक खुतबा दिया। इस्लाम के पैगंबर मुहम्मद ने इस एक खुतबे में पूरे इस्लाम और उसके कानूनों को समझाया। वो ऐसे कानून और जाबते हैं जो रहती दुनिया में जिंदगी की तरक्की के लिए जरूरी हैं। इसलिए इन दिनों की बहुत बड़ी फजीलत है। उन्होंने कहा कि इसे मोका समझें और इन अजीम दिनों में नेक आमाल करें। इस दौरान पुलिस द्वारा सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए।

सड़क मे गड्ढे या गड्ढों मे सड़क

मिर्जापुर रायपुर जाने वाली सड़क मे जगह जगह बने गड्ढे! राहगीरों को आवागमन मे भारी समस्या का करना पड़ रहा सामना!

शौकीन अहमद/युरेशिया

मिर्जापुर ।मिर्जापुर से होकर गांव रायपुर जाने वाली सड़क मे जगह जगह गहरे गड्ढे बन रहे है! जिससे राहगीरों को आये दिनों आवागमन मे भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है! इसके साथ इस सड़क पर कई बार राहगीर नीचे गिरकर चोटिल भी हो गए है! जबकि लोक निर्माण विभाग का इस सड़क की और कोई भी ध्यान नहीं है!

गौरतलब है कि प्रदेश सरकार द्वारा गड्ढा मुक्त सड़क अभियान पर लाखों करोड़ों रूपये खर्च किये जा रहे है! जबकि प्रदेश सरकार का उद्देश्य है कि किसी भी सड़क मे कहीं पर भी गड्ढा दिखाई न दें! जिससे कि यातायात को सुलभ व सुरक्षित बनाया जा सके! जबकि एक और जहाँ सड़क गड्ढा मुक्त अभियान को लेकर प्रदेश सरकार गंभीर नजर आ रही है! वहीं कुछ विभागीय अधिकारियो की अनदेखी के चलते इस अभियान को खुला मजाक भी बनाया जा रहा है!

जिसके चलते कहीं कहीं पर तो सड़कों मे गड्ढे नहीं बल्कि गड्ढों मे ही थोड़ी बहुत सड़क नजर आती है! ऐसी ही हालत मिर्जापुर से होकर निकलने वाली गांव रायपुर की तरफजाने वाली सड़क की देखने को मिल रही है! जिसमे कुछ सड़क का हिस्सा पूरी तरह से सुरक्षित है! जबकि इसी सड़क का ज्यादातर हिस्सा पूरी तरह से गड्ढों मे तब्दील हो चूका है! जिससे आवगमन करने वाले राहगीरों को भारी समस्या का सामना करना पड़ रहा है! जबकि गहरे गड्ढों मे तब्दील हुई इस सड़क पर आवागमन करने वाले कई गिरकर चोटिल हो गए है! इसके साथ इस सड़क पर आवागमन करने राहगीरों के वाहनों के फिसलकर नीचे गिरने का भी सिलसिला लगातार जारी है! जिसके चलते लोक निर्माण विभाग के अधिकारियो का इस और कोई भी ध्यान नहीं होने के कारण भविष्य मे इस गहरे गड्ढों मे तब्दील हुई सड़क पर कोई भी अप्रिय घटना घटित होने से भी इंकार नहीं किया जा सकता है!

राज्य स्तरीय आर्म पंजा कुश्ती प्रतियोगिता मे सरसावा क्षेत्र के गांव झबीरण के लड़के ने किया गांव का नाम रोशन

शक्ति चौधरी/ युरेशिया

सरसावा। 13 से 16 जून 2024 तक 15वीं राज्य स्तरीय और पंजा कुश्ती प्रतियोगिता के आयोजन जवाहरलाल नेहरू युवा केंद्र लखनऊ में आयोजित किया गया जिसके सम्मान समारोह के मुख्य अतिथि के दौर पर उप मुख्य अतिथि उप मंत्री बृजेश पाठक उपस्थित रहे इस प्रतियोगिता में विभिन्न जिलों के 400 खिलाड़ियों ने प्रतिभाग किया उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती के सचिव विजयपाल सिंह ने प्रतियोगिता का आयोजन सफलतापूर्वक संपन्न कराया सहारनपुर में जिला स्तरीय की टीम ने सचिव मोहित शर्मा कोषाध्यक्ष अंतरिक्ष सैनि के नेतृत्व में भाग लिया जिला आर्म रैसलिंग सहारनपुर के अध्यक्ष अमित चौधरी ने बताया कि टीम में बालक बालिकाओं सहित 30 खिलाड़ियों ने अपना श्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए विभिन्न वर्गों में पदक हासिल किया जिसमें सहारनपुर के कई बच्चों ने अपनी अहम भूमिका निभाई इसमें प्रशांत चौधरी पुत्र श्री किशन चौधरी गांव झबीरण ने गोल्ड मेडल जीतकर सरसावा क्षेत्र का नाम रोशन किया जिससे पूरे गांव सहित आसपास के क्षेत्र में हर्ष और उल्लास का माहौल है हमारे गांव में भी खेल प्रतिभाओं की कमी नहीं है इसीलिए बच्चों को पढ़ने के साथ-साथ खेलकूद में भी आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित करना चाहिए इसे इससे यही सीख हमें मिलती है यह प्रोग्राम केलावती ग्रुप द्वारा आयोजित किया गया!

निर्जला एकादशी पर जगह जगह छबील लगाकर मीठे शरबत का किया वितरण

नाथी सहल /युरेशिया

चिलकाना। निर्जला एकादशी के पावन पर्व पर श्री सत्संग मंडल के तत्वाधान में श्री बाजार वाला मंदिर सुल्तानपुर में छबील लगाकर राहगीरों को ठंडा मीठा शरबत पिलायाश्री सत्संग मंडल के अध्यक्ष शिवनंदन शर्मा ने कहां कि नर सेवा ही नारायण सेवा है इस भयंकर गर्मी में जनमानस को पानी पिलाने से बड़ा कोई पुण्य कार्य नहीं है श्री सत्संग मंडल समय-समय पर नगर में धार्मिक आयोजन करता रहता है इसमें नगर के सभी व्यक्तियों का सहयोग रहता है। वही चिलकाना मे भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओ द्वारा हनुमान मंदिर पर पूजन अर्चना कर निर्जला एकादशी पर विश्व शांति की प्रार्थना कर मीठे पानी की छबिल लगा गर्मी से निजात को पानी पिलाया तो सुल्तानपुर बाई पास पर बीजेपी नेता अशोक चौधरी के द्वारा मीठा पानी पिला लोगो की प्यास बुझाई इस अवसर पर बालकृष्ण शर्मा,हिमांशु गर्ग, राकेश एरन,सुधीर कुमार जैन, श्याम कुमार सैनी ,डॉक्टर हुकम चंद सैनी, आशु सैनी , निशांक जैन, गौरव गुप्ता, अनिल कश्यप, अभिनव शर्मा,अमरीश त्यागी,श्रीमती संतोष शर्मा ,आदि लोग उपस्थित रहे उधर सुल्तानपुर में पवन गुंबर के नेतृत्व में पीठ बाजार में भी मीठे शरबत का वितरण किया गया तो मैन बाजार चिलकाना मे पप्पू, सचिन रोहिला, सभासद अनुपम जैन आदि नें निर्जला एकादशी पर लोगो को मीठा पानी पिला राहगीरो की प्यास बुझाई।

निर्जला एकादशी के पावन अवसर पर नकुड एसडीएम संगीता राघव ने किया अनूठा कार्य

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़ ध् निर्जला एकादशी के शुभ अवसर पर नकुल एसडीएम संगीता राघव ने गांव कालसी में गौशाला मैं जाकर गौशाला में गायों को गुड़ वह अन्य सामग्री खिलाकर निर्जला एकादशी के पावन अवसर को एक तरह से अनूठा बनाया साथी जहां पर आजकल लोग जगह जगह मीठा पानी पिला रहे हैं वहीं पर एसडीएम संगीता राघव ने उन जीवों को पानी पिलाया जो अपने आप पानी नहीं पी सकते संगीता राघव ने गायों को मीठा पानी पिलाया वह साथ ही सदा गौशाला में बरगद का पेड़ भी लगाया जो की सनातन संस्कृति के लिए एकादशी के लिए अच्छा माना जाता है संगीता राघव ने गौशाला में चार वाटर कूलर भी दान में दिए साथ ही उन्होंने पंखों की व्यवस्था भी कराई साथी उन्होंने गौशाला की 35 बीघे जमीन का भी निरीक्षण किया जिसमें अभी की फसल चेरी व नेपियर खास उपलब्ध है साथ ही उन्होंने भूसे का स्टॉक भी चेक किया व नकुड़ क्षेत्र वासियों से अपील की गौशाला में ज्यादा से ज्यादा दान देकर गोवंश को बचाने के इस अभियान में सरकार का सहयोग दें संगीता राघव ने कहा कि आने वाले समय में हम इस गौशाला के लिए और भी विकास के कार्य करने जा रहे हैं

जन सेवा केंद्र के प्रभारी रविंद्र कंबोज ने एकादशी पर छबील,लगाकर मीठा शरबत पिलाया

सुनील सैनी /युरेशिया

छुटमलपुर,, मुजफ्फराबाद ब्लॉक के क्षेत्र बुड्ढा खेड़ा कदीम,मे,छबील लगाकर लोगों को मीठा शरबत पिलाया मंगलवार को भयंकर गर्मी के चलते लोगों को राहत दिलाने की उद्देश्य से बुडाखेड़ा कदीम, मे,छबील, लगाकर लोगों को शरबत पिलाया गया छबील पर रास्ते में आने जाने वाले सैकड़ो लोग को मीठा शरबत पिलाकर उनकी प्यास को शांत किया छबीलका शुभारंभ जन सेवा केंद्र के प्रभारी रविंद्र कुमार ने किया उन्होंने कहा प्यासे को पानी भूखे को खाना खिलाने से पुण्य का काम मिलता है और गर्मी को देखते हुए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए इस दौरान लाल राजेंद्र प्रवीण कंबोज धर्मपाल डॉक्टर सतीश सैनी लकी कंबोज नरेश सैनी मोनू कंबोज डॉक्टर सचिन सैनी डॉक्टर बलवंत सैनी आदि लोग रहे

कश्यप समाज के लोगों ने छबील लगाकर मीठा शरबत पिलाया

सुनील सैनी/युरेशिया

छुटमलपुर,, मंगलवार को एकादशी के दिन कश्यप समाज के युवाओं नेछबील लगाकर मीठा शरबत पिलाया भयंकर गर्मी के चलते लोगों को राहत दीलानेके उद्देश्य से कश्यप समाज के युवाओं ने मुजफ्फराबाद ब्लॉक केगांव फरकपुरनवादा मेंछबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाकर उनकी प्यास को शांत किया कश्यप समाज की युवाओं ने कहा प्यासे को पानी और भूखे को खाना खिलाने से पुण्य का काम होता है और कहां गर्मी के प्रकोप को देखते हुए ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए इस दौरान संदीप कश्यप गौरव कश्यप शुभम कश्यप बंटी कश्यप लकी कश्यप पारस अभिषेक सचिन डॉक्टर पंकज सैनी डॉ राकेश सैनी टीनू सैनी आदि लोग रहे

युवाओं ने छबील लगाकर मीठा शरबत पिलाया

सुनील सैनी/युरेशिया

छुटमलपुर,, कलसिया छुटमलपुर मार्ग पर पुलिया चौक मुजफ्फराबाद में एकादशी के दिन युवाओं ने छबील लगाकर मीठा शरबत पिलाया मंगलवार को भयंकर गर्मी के चलते लोगों को राहत दिलाने की उद्देश्य से रमेश खाद भंडार पुलिया चौक पर छबील लगाकर लोगों को शरबत पिलाया रास्ते में आने जाने वाले सैकड़ो लोगों को मीठा शरबत पिलाकर उनकी प्यास को शांत किया छबील का शुभारंभ रमेश सैनी खाद भंडार मुजफ्फराबाद ने किया उन्होंने कहा प्यासे को पानी पिलाने से पुण्य मिलता है उन्होंने कहा गर्मी को देखते हुए इस तरह के आयोजन होते रहने चाहिए और कहा युवाओं को भी ऐसे आयोजन में पहुंचकर पुण्य क्या काम करना चाहिए इस दौरान अमन सैनी राजू चौधरी रोहित सैनी सोनू सैनी मनोज चौधरी गुड्डू राणा अनुज मनोज डॉक्टर सोमनाथ रथ सैनी रिजवान इमरान आदि रहे।

छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाकर दिलाई भीषण गर्मी से राहत

शेख़ मौ नादिर / युरेशिया

बेहट। कड़कड़ाती धूप और भीषण गर्मी का प्रकोप लगातार बढ़ता जा रहा है। गर्मी के चलते राहगीर भी परेशान है। क्षेत्र के समाजसेवी लोगो के द्वारा छबील लगाकर राहगीरों को शरबत पिलाकर उनकी प्यास बुझाई।

गौरतलब है कि तापमान में लगातार वृद्धि होने के साथ भीषण गर्मी में कड़कड़ाती धूप, गर्म हवाओं से लोग परेशान है। बाजारों में सुबह 10 बजे के बाद शाम 5 बजे तक सन्नाटा पसरा रहता है तो हाइवे पर भी वाहनों को संख्या में कमी दिखाई दे रही है। जिसके चलते मंगलवार को कस्बे के शाकुम्भरी रोड पर जनता इंटर कालेज के ।पास अशोक शर्मा के आवास पर छबील लगा कर राहगीरों को मीठा शर्बत पिलाया गया। इस दौरान वरिष्ठ समाजसेवी अशोक शर्मा ने कहा कि जनता की सेवा करना पुण्य का काम है। खासतौर पर अगर हम भूखे को खाना और प्यासे को पानी पिला रहे है तो इससे बहुत ज्यादा पुण्य लाभ मिलता है। उन्होंने कहा कि हमे समय समय पर ऐसे काम करते रहना चाहिए जिससे जनता को फायदा मिले। इस मौके पर युवाओं ने, बसों, ट्रकों, ट्रैक्टर ट्रालियों, रिक्शा, बाईकों व कारों आदि वाहनों को रुकवाकर लोगो को शरबत पिलवाया। इस दौरान पर मुख्य रूप से अशोक शर्मा, सन्नी काम्बोज, डॉ अर्जुन,प्रिंस शर्मा, वासु मित्तल,अरुण भारद्वाज देवा आदि मौजूद रहे।

निर्जला एकादशी पर छबील लगाकर लोगों को पिलाया ठंडा मीठा शर्बत

अश्वनी कुमार/युरेशिया

नानौता। निर्जला एकादशी पर नगर में जगह जगह छबील लगाकर लोगों को ठंडा मीठा शर्बत व ठंडा जलजीरा पिलाया गया। जिसके चलते नगर के स्टेट बैंक कालोनी में स्थित सब-के माइक्रोफाइनेंस के सिनियर ब्रांच मैनेजर दीपक कुमार ने साथियों सहित दिल्ली रोड़ पर छबील लगाकर लोगों को मीठा शरबत पिलाया। तापमान में लगातार वृद्धि होने के कारण भीषण गर्मी पड़ रही है जिसके कारण लोग कडकडाती धूप, गर्म हवाओं और लू से बेहद परेशान है। बढ़ती गर्मी को देखते हुए सब-के माइक्रोफाइनेंस कम्पनी के कर्मचारियों ने ठंडा मीठा शरबत बनाकर लोगों को पिलाया जिससे लोगों को बेहद राहत मिली। इस दौरान सिनियर ब्रांच मैनेजर दीपक कुमार, ब्रांच मैनेजर अंकित कुमार, सिनियर फिल्ड ऑफिसर तनसीफ कस्सार, पंकज कुमार, भीम सिंह, अंकुर, विशाल, सहित अनेको मौजूद रहे।

नर सेवा ही नारायण सेवा है

विकास शर्मा /युरेशिया

नकुड़ निर्जला एकादशी के उपलक्ष पर ग्राम पदम नगली में नकुड़ गंगोह रोड पर मीठे जल का वितरण किया गया । युवाओं ने पूरी श्रद्धा के साथ प्रत्येक वाहन को रोक रोककर उन्हें शीतल जल पिलाया। वैसे तो प्राचीन काल से चली आ रही परम्परा के अनुसार प्यासे को पानी पिलाना हमारे शास्त्रों में भी स्पष्ट दर्शाया गया है। परंतु ज्येष्ठ माह में मीठे पानी की छबील लगाकर लोगों को जल पिलाने का बहुत महत्व हैं। इस अवसर पर सुरेश प्रधान जी , रविन्द्र प्रधान जी , मा0 रणधीर सिंह, नरेश चौधरी , प्रमाल चौधरी, रणधीर चौधरी,अंकित वर्मा, रोहित शर्मा,सोनू चौधरी , मोहित सैनी ,सुशील चौधरी, सन्नी प्रधान, अमित चौधरी,बिचन सिंह ,शेंकी चौधरी,प्रशांत शर्मा , हिमांशु शर्मा, रितिक चौधरी, अविष्कार चौधरी ,वर्णित आदि सभी मौजूद रहे।

एक नजर..

S P सिटी मथुरा ने की सिविल डिफेंस मथुरा के साथ बैठक

विकास गौतम/युरेशिया

मंगलवार को सुबह 11: 00 बजे SP सिटी मथुरा के कार्यालय पर श्री अरविंद कुमार SPसिटी मथुरा जी के द्वारा नागरिक सुरक्षा विभाग मथुरा की एक बैठक का आयोजन किया गया जिसमे आने वाले पर्वो और ईद की ड्यूटी पर अपनी सेवाए दी इसको लेकरै च् सिटी मोहदय जी के द्वारा सबका आभार प्रकट करते हुए मुड़िया मेला में भी अपनी सेवाए देने के लिए कहा साथ ही कई महत्वपूर्ण विषयों पर भी वार्ता हुए बैठक में चीफवार्डन राजीव अग्रवाल, डिप्टी चीफवार्डन कल्याण दास अग्रवाल, डिप्टी कंट्रोलर जसवंत सिंह, सहायक उप नियंत्रक जितेन्द्र देव सिंह, डिविजनल वार्डन भारत भूषण तिवारी, डिप्टी डिविजनल वार्डन राजेश कुमार मित्तल, स्टाफऑफसर दीपक चतुर्वेदी बैंकर पोस्ट वार्डन अशोक यादव, डिप्टी पोस्ट वार्डन विकाश सोनी, शुभम कुमार, राजेश कुमार शिवहरे, देवेंद्र कुमार, यतेन्द्र, दीपेश, राकेश, सुनेना आदी वार्डन और फायर फाइटर मौजूद रहे ।

एकादशी पर रखा निर्जला व्रत, शरबत का हुआ वितरण

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा। जयेष्ठ शुक्ल पक्ष एकादशी मंगलवार को श्रद्धालुओं ने उत्साह से निर्जला एकादशी का पर्व मनाया। संपूर्ण दिन निर्जल व्रत रखा और अपने घर में भगवान श्री हरि की पूजा अर्चना की। शरबत से भरे मटके , हाथ के पंखे और फल दान किए। बाजारों में कई जगहों पर व्यापारिक व सामाजिक संगठनों ने शरबत का वितरण किया।

धार्मिक मान्यता है कि निर्जला एकादशी पर निर्जल व्रत धारण करने से भक्तों की समस्त मनोकामनाएं भगवान विष्णु पूर्ण करते हैं। व्रत धारण कर श्रद्धालुओं ने घरों में श्री विष्णु सहस्त्रनाम का पाठ किया। इस दौरान समीप के मंदिरों में दान किया। वहीं, मंदिरों में पुजारियों ने वेद मंत्रों का उच्चारण कर भगवान विष्णु, राम, कृष्ण और भोले नाथ का अभिषेक किया। गोपाल बाग, नंदगांव रोड, बठैन रोड, बाईपास तिराहे, रेलवे रोड सब्जी मंडी पर शरबत, ठंडाई, नीबू पानी लोगों को पिलाया गया। रोड पर नितिन ढल,अखिल जैन जय प्रकाश चरण सिंह चौधरी ब्रजमोहन, महेंद्र मंगला, ताराचंद आदि ने राहगीरों को शरबत पिलाया। सुबह से शाम तक लोगों को शरबत, ठंडाई पिलाई गई।

पोस्को एक्ट ,सट्टे तस्करी के मामले में तीन को जेल

विकास गौतम/युरेशिया

कोसीकलां। पुलिस ने विभिन्न मामलों में वांछित चल रहे तीन आरोपियों को पकड़ कर चालान कर दिया। प्रभारी निरीक्षक अजीत सिंह ने बताया कि कछुआ तस्करी के मामले में वांछित चल रहे आरोपी अली मौहम्मद उर्फ कन्नू पुत्र अल्लाबख्स निवासी नगला अलीपुर भाग खरौट को शेरगढ तिराहा से पकड़कर चालान कर दिया। पास्को एक्ट के मामले में वांछित गिडोह निवासी मंजू ने थाने पर स्वयं आई। पुलिस ने हिरासत में लेकर चालान कर दिया। नगर के बीच बाजार में सट्टे का कारोबार करने के मामले में पुलिस ने सब्जी मंडी धर्मशाला से सराय निवासी इजराइल को सट्टा के आरोप में 4920 रुपये, रजिस्टर सट्टे की पर्ची के साथ गिरफ्तार कर चालान कर दिया।

हत्या के प्रयास में वांछित अपराधियों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

विकास गौतम/युरेशिया

गोवर्धन - जनपद मथुरा में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में अपराध और अपराधियों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार चलाए जा रहे हैं अभियान के दौरान मथुरा के थाना गोवर्धन पुलिस के हाथ एक बड़ी सफलता लगी है। यहां थाना गोवर्धन पुलिस ने किया के प्रयास मैं वांछित दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है इनके कब्जे से पुलिस ने एक 12 बोर का तमंचा भी बरामद किया है. गिरफ्तार किए गए अपराधी कुश पुत्र उत्तम निवासी कंचनपुर गोवर्धन, राजपाल सिंह पुत्र एहर सिंह निवासी कंचनपुर गोवर्धन जनपद मथुरा के रहने वाले हैं। जिनके विरुद्ध पुलिस ने विधिवत कार्रवाई कर जेल भेज दिया।

19 जून को कचहरी परिसर में किया जा रहा रोजगार मेले का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। सहायक निदेशक क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय मेरठ मण्डल, मेरठ ने बताया कि दिनांक 19.06.2024 को क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय, कचहरी परिसर, मेरठ में एक रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में हाईस्कूल, इण्टर, स्नातक शैक्षिक योग्यता से सम्बन्धित निजी क्षेत्रों की कम्पनियां प्रतिभाग कर रही हैं। अभ्यर्थियों हेतु मशीन ऑपरेटर, हेल्पर, रिटेल एक्जीक्यूटीव और वेलनेश एडवाईजर आदि पदों हेतु साक्षात्कार कर रोजगार दिये जायेगे। इन पदों हेतु रू0 10000-18000 वेतन प्रस्तावित किया गया। रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु सेवायोजन पोर्टल rojgaarsangam.up.gov.in पर अपना पंजीयन अवश्य करायें तथा पंजीयन के यूजर आईडी0ध्पासवर्ड से लॉगिन कर रोजगार मेले में प्रतिभाग करने हेतु अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुरूप कम्पनी का चयन कर ऑनलाईन आवेदन अवश्य करें। जिन अभ्यर्थियों का पोर्टल पर पंजीयन नहीं है वह भी रोजगार मेले में प्रतिभाग कर सकते हैं।

रोजगार मेले से सम्बन्धित सम्पूर्ण चयन साक्षात्कार प्रक्रिया निशुल्क की जायेगीं। मेले में प्रतिभागी सभी अभ्यर्थियों के शिक्षण, प्रशिक्षण, कॅरियर रोजगार एवं स्वरोजगार से सम्बन्धित अनेक अवसरों से परिचित कराया जायेगा। वर्तमान परिवेश की आवश्यकताओं के फलस्वरूप युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करने के उद्देश्यों के दृष्टिगत श्रमं एवं सेवायोजन विभाग द्वारा एकीकृत पोर्टल rojgaarsangam. up.gov.in का विकास कराया गया है। बेरोजगार के हितार्थ एकीकृत पोर्टल पर कैम्पस प्लेसमेंट, डायरेक्ट हायरिंग, विदेशों में रोजगार, ऑनलाइन काउन्सिलिंग एवं लर्निंग मैनेजमेन्ट सिस्टम की व्यवस्था विकसित की गयी है। बदलते परिदृश्य में युवाओं को रोजगार की नयी संभावनाओं पर विचार करना आवश्यक है। परिबर्धित रोजगार संगम पोर्टल के माध्यम से युवा अपना भविष्य स्वयं निर्धारित करें।

श्री कृष्ण जन्मभूमि मुक्ति ब्रज संकल्प यात्रा का यमुना पूजन के साथ शुभारंभ

विकास गौतम/युरेशिया

मथुरा श्री कृष्ण जन्मभूमि संघर्ष न्यास द्वारा यमुना पूजन के साथ श्री कृष्ण जन्म भूमि मुक्ति हेतु ब्रज यात्रा का प्रारंभ विश्राम घाट पर नियम लेकर यमुना पूजन कर किया गया

भक्ति भाव मय न्यास के पदाधिकारी कृष्ण लीलाओं का भजन करते चल रहे थे यमुना पूजन के बाद मथुरा की अंतगृही परिक्रमा की गई यात्रा गोपाल मंदिर, कंसखार, होते हुए कंकाली मंदिर पर विश्राम हुई इस अवसर पर यात्रा मैं संदेश देते हुए कृष्ण जन्मभूमि मामले के हिंदू पक्षकार दिनेश शर्मा ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य संपूर्ण ब्रजमंडल में भगवान कृष्ण की जन्म भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को बृजवासियों को संकल्पित करना है यात्रा मैं 100 से अधिक यात्री संपूर्ण ब्रज में भ्रमण करेंगे तथा मुगल आक्रांताओं द्वारा बनाई गई अवैध स्मारक को हटाकर संपूर्ण परिसर में भगवान कृष्ण का भव्य मंदिर निर्माण का संकल्प कराकर बाल गोपाल को अपना मूल गर्भग्रह मैं स्थापित करना है

यात्रा संयोजक राजेश पाठक, महानगर अध्यक्ष ठा नरेश सिंह, हिंदू महासभा जिला अध्यक्ष छाया गौतम ने कहा कि बृजवासियों को हमें संदेश देना है भगवान श्री कृष्ण जन्मभूमि को हमें विधर्मियों के चंगुल से छुड़ाकर अपने आराध्य भगवान योगेश्वर श्री कृष्ण को विराजमान करना है विश्व हिंदू महासंघ महिला सभा जिला अध्यक्ष उषा सोलंकी, कृष्ण जन्मभूमि न्यास राष्ट्रीय सचिव डा जमुना शर्मा, किसान नेता पं जयराम शर्मा प्रदेश महामंत्री राजेश शास्त्री, ने कहा कि यह ब्रज यात्रा समरसता का प्रतीक होगी जो बाल्मिक से लेकर ब्राह्मण तक को एक सूत्र में पिरो कर हिंदुत्व को मजबूती प्रदान करेगी,

दूसरे चरण में यात्रा मधुबन पहुंचेगी संपूर्ण यात्रा 21 चरणों में निकाली जा रही है संपूर्ण ब्रज में यह यात्रा सवा लाख परिवारों से जुड़ेगी तथा ब्रज के पौराणिक स्थलों कृष्ण लीला स्थलीयो के दर्शन कर श्री कृष्ण जन्मभूमि के प्रति बृजवासियों को सजग एवं संकल्पित बनाएगी इस अवसर पर गंगा रानी चतुर्वेदी ने ब्रज यात्रा का बंगाली घाट पर भव्य स्वागत किया, यात्रा में प्रमुख रूप से पवन बाबा, दिनेश प्रधान, राहुल गौतम, हरिदास बाबा, रिचा शर्मा, नीरज गौतम, प्रिंस पांडे, ठा विकास सिंह, हरिओम वर्मा, डॉ मनोज जाटव, राजकुमार वर्मा, पंकज ठाकुर, अंकित ठाकुर, अंकुर सिंह, राम सिंह।

काठमांडू स्थित डीएवी कॉलेज में सम्पन्न हुई 7वीं अंतर्राष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

' कॉन्फ्रेंस में सुभारती विश्वविद्यालय की भागीदारी

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। नेपाल के काठमांडू स्थित डीएवी कॉलेज में तीन दिवसीय कृषि पर्यावरण और जीव विज्ञान के वैश्विक संदर्भ में भविष्य विषय पर 7वीं अंतर्राष्ट्रीय कान्फ्रेंस संपन्न हुई। कॉन्फ्रेंस में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के लॉ कॉलेज के डीन डॉ वैभव गोयल भारतीय, डीन अकादमिक एवं शोध प्रोफेसर डॉ. अमर प्रकाश गर्ग सहित विश्वविद्यालय के कई संकाय सदस्यों ने शिरकत की। शोध व शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य हेतु उन्हें सम्मानित किया गया।

इस महत्वपूर्ण कॉन्फ्रेंस का उद्घाटन डी ए वी कॉलेज (त्रिभुवन विश्वविद्यालय) के डॉ. अनिल केडिया व नेपाल के वरिष्ठ वैज्ञानिक प्रोफेसर एस पी विष्ट के साथ की प्रज्वलन एवं दोनों देशों के राष्ट्रगान के साथ किया गया। कॉन्फ्रेंस में भारत, नेपाल और अन्य विभिन्न देशों से वैज्ञानिकों ने अपने अनुसंधान प्रस्तुत किए जिनमें 365 मौखिक और 280 पोस्टर शोध-पत्र शामिल रहे। कॉन्फ्रेंस में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों ने भी प्रभावी उपस्थिति दर्ज की। कॉन्फ्रेंस के आयोजन की मुख्य उद्देश्य वैश्विक परिवेश में हो रही विभिन्न पर्यावरण संबंधी समस्याओं के साथ-साथ तेजी से बदलते हुए मौसम में परिवर्तन के प्रभावों पर चर्चा करना था। कॉन्फ्रेंस की अध्यक्षता डॉ. अनंत कुमार (एटीडीएस) ने की और अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस के आर्गनाइजिंग चौयरमैन प्रोफेसर अमर गर्ग और डॉ. जोगेंद्र सिंह ने जलवायु परिवर्तन के संकट में पर्यावरण संरक्षण के साथ कृषि उत्पादन में बदलाव पर ध्यान दिया। कॉन्फ्रेंस के दौरान भारतीय कृषि अनुसंधान केंद्र, जूलोजिकल सर्वे ऑफ इंडिया, सेंट्रल इंस्टीट्यूट ऑफफिशरीज एजुकेशन मुंबई, उत्तर प्रदेश के वन विभाग के साथ भारत के 24 राज्यों से विश्वविद्यालय एवं कॉलेजों के प्रतिनिधियों की उपस्थिति रही। इस कॉन्फ्रेंस का उद्देश्य सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल (एसडीजी) के साथ-साथ कृषि एवं जैव वैज्ञानिक विषयों में अंतर्विषयक अध्ययन और अनुसंधान के अवसरों को तलाशना था। इसके अंतर्गत कानून, रसायन, भूगोल आदि के अंतर्गत अनुसंधान के अवसरों की भी चर्चा की गई। कॉन्फ्रेंस में भारत और नेपाल के योगदान को लेकर भी विचार-विमर्श किया गया, ताकि विश्व कल्याण की दिशा में ठोस कदम उठाए जा सकें। इस महत्वपूर्ण अवसर पर विभिन्न वैज्ञानिकों के कार्यों को सम्मानित किया गया और उनके शोध पत्रों को पुरस्कृत किया गया। कॉन्फ्रेंस के अंतिम सत्र में स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय के डीन अकादमिक एवं शोध प्रोफेसर डॉ. अमर प्रकाश गर्ग ने तीन दिनों के दौरान प्रस्तुत किए गए शोध पत्रों, पोस्टर्स, और संपूर्ण सम्मिलन की समीक्षा की। निष्कर्ष के रूप में उन्होंने कहा कि भारत और नेपाल जैव कृषि और पर्यावरण संरक्षण हेतु मिलकर काम करने के प्रति वचनबद्ध हैं और भविष्य में भी सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल्स को प्राप्त करने हेतु एकजुट रहेंगे। इस सम्मेलन ने सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल के साथ-साथ कृषि एवं जैव वैज्ञानिक विषयों पर अन्तर्वेषक अध्ययन और अन्य संबंधित विषयों पर भी गहरी चर्चा की। कॉन्फ्रेंस के अंतिम सत्र में प्रोफेसर डॉ. अमर प्रकाश गर्ग ने उपस्थित वैज्ञानिकों के कार्य को सम्मानित किया और भविष्य में भी भारत और नेपाल के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण हेतु साझी मेहनत जारी रखने का संकल्प लिया। स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविधालय के डॉ. वैभव गोयल भारतीय, डॉ. देवपाल सिंह और डॉ. प्रिया राय जैसे विशेषज्ञों ने भी काठमांडू में अपने अनुभवों को साझा किया। डॉ वैभव गोयल भारतीय ने सुभारती विश्वविद्यालय के शिक्षा, सेवा, संस्कार एवं राष्ट्रीयता के मंत्र से सभी को रुबरु कराया। कॉन्फ्रेंस ने वैज्ञानिक समुदाय के बीच सहयोग और विश्व के सस्टेनेबल डेवलपमेंट गोल को प्राप्त करने हेतु महत्वपूर्ण कदम उठाने का अवसर प्रदान किया। पूरी कॉन्फ्रेंस को सफल बनाने में डी ए वी कॉलेज काठमांडू से आईटी विभाग और सुभारती विश्वविद्यालय से डॉ अंजू रानी डॉ निशा राणा के साथ एटीडीएस समिति से डॉ अश्वनी कुमार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

चाट का ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुआ खूनी संघर्ष

- धारदार हथियारों से किया गया हमला एक महिला सहित कई घायल पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। सरधना थाना क्षेत्र स्थित नानू नहर पटरी पर मंगलवार को उस समय हड़कंप मच गया जब चाट का ठेला लगाने को लेकर दो पक्षों के बीच हुए खूनी संघर्ष के दौरान धारदार हथियारों से हमला किया गया जिसमें एक महिला सहित कई गंभीर रूप से घायल हो गए। मामले की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने घायलों को सीएचसी में भर्ती कराया।कई लोगों को लहूलुहान करके आरोपी मौके से फरार हो गए। नानू गांव के रहने वाले ओमवीर के बेटे नितिन और आदेश गांव के बाहर नहर पटरी पर चाट का ठेला लगाते हैं। बताया जा रहा है कि मंगलवार को नितिन अपना ठेला लेकर पहुंचा तो वहां पहले से ही गांव के रहने वाले अनुज ने अपना ठेला लगाया हुआ था। नितिन ने अनुज से अपना ठेला खड़ा करने के लिए रास्ता देने को कहा तो दोनों के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि इसके बाद अनुज ने टीकरी गांव में फोन करके अपने रिश्तेदारों को बुला लिया। जिसके बाद लाठी-डंडों से लैस दर्जनभर युवकों ने नितिन और आदेश के साथ मारपीट शुरू कर दी। इस दौरान नितिन के बचाव में आई उसकी मां कुंता पर भी आरोपियों ने धारदार हथियारों से हमला बोल दिया। जिसमें महिला गंभीर रूप से घायल हो गई। पीड़ित नितिन ने अनुज, निशु, बादल, रवित, अतुल, बाबू और धन्नु सहित कई लोगों के खिलाफहमले की तहरीर दी है।

पशु के अवशेषों की दुर्गंध से महिला बेहोश परिजनों ने किया हंगामा

हंगामे की सूचना मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने खुले में अवशेष ना रखने की चेतावनी देते हुए मामला शांत कराया

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। सदर थाना क्षेत्र स्थित सौतीगंज मस्जिद के पास मंगलवार को उस समय हंगामा हो गया जब मस्जिद के पास लगे कैंप में इकट्ठा किए गए पशुओं के अवशेष की दुर्गंध से रोड से गुजर रही एक महिला बेहोश हो गई। इसके विरोध में उसके परिजनों ने खुले में रखे हुए अवशेषों को लेकर जमकर हंगामा किया। मामले की सूचना मिलते ही सदर थाना पुलिस मौके पर पहुंची पुलिस ने स्थिति संभालते हुए कैंप संचालकों को खुले में अवशेष इकट्ठे ना करने की चेतावनी देते हुए मामले को शांत कराया। दरअसल

सदर में मदरसा चलाने वाले मौलाना मुकर्रम जमाली हर साल ईद-उल-अजहा के अगले दिन सोतीगंज स्थित मस्जिद के बाहर एक कैंप लगाते हैं। जिसमें कुबार्नी करने वाले लोग अपनी मर्जी से कुबार्नी किए गए पशुओं की खाल दान करते हैं। इन खालों को बेचकर गरीब बच्चों की तालीम के लिए पैसा इकट्ठा किया जाता है। हर साल की तरह इस बार भी मौलाना मुकर्रम जमाली सोतीगंज मस्जिद के बाहर कैंप लगाकर कुबार्नी के अवशेषों की खाल एकत्र कर रहे थे। इसी दौरान सड़क से गुजर रही एक महिला दुर्गंध से बेहोश हो गई। इसके बाद महिला के परिजनों ने खुले में खाल रखने को लेकर विरोध जताते हुए हंगामा कर दिया। जानकारी के बाद आनन-फानन में थाना पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने कैंप संचालकों को चेतावनी दी कि खुले में पशु अवशेषों को ना रखें और कैंप को चारों तरफसे कवर करें। इसके बाद दोनों पक्षों को समझाते हुए पुलिस वापस लौट गई।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अवैध नर्सिंग होम को किया सील

युरेशिया संवाददाता

अंबेडकर नगर । अकबरपुर तहसील क्षेत्र में चलज रहे अवैध क्लिनिको पर जिलाधिकारी के निर्देश पर चिकित्सकों की टीम ने मंगलवार को छापा मार कर कार्रवाई की। इस दौरान अवैध रूप से संचालित हो रहे चार क्लिनिको को सील किया गया। वहीं मामले में मुकदमा दर्ज कर दो संचालकों को भी हिरासत में लिया गया है।सम्मनपुर थाना क्षेत्र में गत माह अवैध रूप से संचालित हो रहे कई क्लिनिको की चिकित्सकों की टीम ने जांच पड़ताल किया था। जांच के दौरान सैदापुर में स्थित शिवम क्लीनिक चला रहे डॉ शिवपूजन उर्फगुल्ली कोई कागजात नहीं दिखा सके थे। यहीं पर नीचे बेसमेंट में प्रसव करा रही डॉ कविता भी कोई कागजात नहीं दिखा सकी थी। जबकि उनके पास प्रसव से संबंधित सभी उपकरण उपलब्ध मिले थे। सिकंदरपुर बाजार में किस्मत टेंट हाउस के बगल में स्थित डॉ इंद्रावती के नर्सिंग होम पर चिकित्सकों की टीम ने जांच की यहां पर संचालिका कोई कागजात नहीं दिखा सकी थी। उनके यहां लंबे समय से अवैध रूप से गर्भपात की शिकायतें मिल रही थी। चिकित्सकों की टीम ने तीनों क्लिनिक के संचालकों को कड़ी फटकार लगाते हुए नोटिस जारी किया था। उसी के क्रम में मंगलवार को एसडीएम सदर पवन कुमार जायसवाल के नेतृत्व में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर संजय वर्मा व अकबरपुर सीएचसी अधीक्षक डॉक्टर नूर अहमद की टीम ने अवैध रूप से संचालित हो रहे उक्त तीनों क्लिनिको की जांच करने पहुंची तो डॉ इंद्रावती व डॉ कविता क्लिनिक बंद कर फरार हो गई। चिकित्सकों की टीम ने उक्त तीनों क्लिनिको के साथ ही सिकंदरपुर में चल रहे शिफा क्लिनिक को भी सील कर दिया। पुलिस ने मौके पर मरीज देख रहे डॉ शिवपूजन उर्फगुल्ली व डॉ सरफराज को हिरासत में ले लिया। उप निरीक्षक संजय सिंह ने बताया कि डॉ नूर अहमद की ओर से मुकदमा दर्ज करने के लिए तहरीर मिली है, वैधानिक कार्रवाई की जा रही है।

सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत, दो घायल

युरेशिया संवाददाता

अंबेडकर नगर । सड़क दुर्घटना में बाइक सवार की मौत हो गई। जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज कर घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया है। जलालपुर कोतवाली क्षेत्र के नगपुर गांव निवासी मिंटू अपने दो दोस्तों के साथ बाइक पर सवार होकर किसी कार्य बस अकबरपुर गया था। बाइक 27 वर्षीय मिंटू चला रहा था। जबकि उसके दो दोस्त पीछे बैठे थे। तीनों एक ही बाइक पर सवार होकर अकबरपुर से वापस घर आते समय पट्टी के पास सड़क किनारे खड़ी बाइक को टक्कर मारते हुए एक पेड़ में जाकर टकरा गए दुर्घटना के बाद बाइक सवार तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने एंबुलेंस से तीनों को सी एच सी नगपुर पहुंचाया। जहां चिकित्सकों ने देखते ही मिंटू को मृत घोषित कर दिया। वहीं गंभीर रूप से घायल शिवम व अनीश का इलाज जारी है। प्रत्यक्ष दर्शियों के अनुसार बाइक सवार ने हेलमेट नहीं लगाये रखा था। सिर में गंभीर चोट लगने की वजह से उसकी जान चली गई। यदि युवक ने हेलमेट लगाया होता तो शायद उसकी जान बच सकती थी। जहां ग्रामीण बकरीद का पर्व मनाने की खुशी में डूबे थे। वहीं हादसे के बाद गांव में मातम पसर गया है। स्वजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। कोतवाल संतोष कुमार सिंह ने बताया कि शव को पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। हादसे की जांच पड़ताल की जा रही है।

केन्द्र सरकार द्वारा बनाये गये तीन नये अपराधिक कानून के संबंध में स्टेक होल्डर्स को करें जागरूक

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लघुवाद न्यायाधीशध्प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ ने समस्त लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल मेरठ, समस्त मध्यस्थध्पैनल अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ तथा समस्त प्राविधिक स्वयं सेवक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र दिनांकित 07 जून 2024 के अनुसार केन्द्र सरकार द्वारा तीन नवीन अपराधिक कानून यथा भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 बनाये गये हैं। उपरोक्त तीनो कानून वर्ष 2023 में निर्मित हुए हैं तथा उक्त अधिनियम दिनांक 01.07.2024 से प्रभाव में आ जायेंगे तथा उपरोक्त कानून के संबंध में सभी स्टेक होल्डर्स को जागरूक किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है। उन्होंने समस्त लीगल एड डिफेन्स काउन्सिल मेरठ, समस्त मध्यस्थध्पैनल अधिवक्ता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ तथा समस्त प्राविधिक स्वयं सेवक जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ से अपेक्षा की है कि भारतीय न्याय संहिता-2023, भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता-2023 तथा भारतीय साक्ष्य अधिनियम-2023 के संबंध में सभी स्टेक होल्डर्स को नियमानुसार जागरूक किया जाये ताकि आम जनता को उपरोक्त अधिनियमध्कानून के संबंध में जानकारी प्राप्त हो सके तथा उक्त अधिनियमध्कानून दिनांक 01.07.2024 से प्रभाव में आ जायेंगे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण किये जाने हेतु किया जा रहा प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन

युरेशिया संवाददाता

मेरठ। लघुवाद न्यायाधीशध्प्रभारी सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण मेरठ ने समस्त संबंधित अधिकारियों को पत्र प्रेषित करते हुए बताया कि उ0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के पत्र के अनुसार राष्ट्रीय लोक अदालत की तिथि से पूर्व चिन्हित वादों को शॉट लिस्ट करके उन्हें अंतिम निस्तारण हेतु तैयार किया जाना आवश्यक है तथा तैयार किये गये चिन्हित वादों को निरन्तर नालसा पोर्टल पर अपलोड करवाने की कार्यवाही किये जाने हेतु निर्देशित किया गया है ताकि दिनांक 13 जुलाई 2024 को आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक वादों का निस्तारण हो सके। उन्होंने बताया कि उपर्युक्त के संबंध में दिनांक 19 जून 2024 को सांय 04.30 बजे चौदह न्यायालय भवन के प्रथम तल पर स्थित सभागार कक्ष में अपर जिला न्यायाधीशध्नोडल अधिकारी (लोक अदालत) की समस्त प्रशासनिक अधिकारीगण के साथ प्री-ट्रायल बैठक आहूत की गई है। उन्होंने संबंधित समस्त अधिकारियों से उक्त बैठक में प्रतिभाग करने का अनुरोध किया है।

मालिक, मुद्रक व प्रकाशक विकास दीप त्यागी ने युरेशिया प्रिन्टिग प्रेस, 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से छपवाकर 270, फूलबाग कालोनी, सूरज कुण्ड रोड, मेरठ (उ0प्र0) से प्रकाशित किया।
सम्पादकः संजय त्यागी मो0 : 9412835535, 9410231400 फोनः 01214324497 Email- editorureshiya@gmail.com (किसी भी विवाद के लिए मेरठ न्यायालय मान्य)